

# दैनिक पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल




■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 191

ग्वालियर, शुक्रवार, 01 अप्रैल, 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

## पेट्रोल के बाद अब टोल टैक्स की गाज, टोल प्लाजा पर आना-जाना हो जाएगा महंगा

**नई दिल्ली।** आसमान छूती महंगाई ने अम लोगों का जीना दूभर कर दिया है। पेट्रोल-डीजल की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं, सीएनजी भी पिछले 6 महीनों में 30 प्रतिशत से ज्यादा महंगी हो गई है, खाने-पीने की चीजों के दाम भी बढ़े हैं और अब 1 अप्रैल, मतलब कल, से टोल प्लाजा पर आना-जाना पहले से महंगा हो जाएगा। टोल प्लाजा के रेट्स 10 रुपये से लेकर 65 रुपये तक बढ़ जाएंगे। खबरों के अनुसार, शुक्रवार से वाहनों के हिसाब से टोल रेट्स में इजाफा होगा। नेशनल हाईवे अथॉरटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) ने लाइट व्हीकल्स के लिए 10 रुपये की बढ़ोतरी की है तो कमर्शियल व्हीकल के लिए 65 रुपये तक का चार्ज बढ़ाया गया है। बता दें कि एनएचएआई की तरफ से हर साल टैक्स रिवाइज़ किया जाता है। इसी का नतीजा है कि 1 अप्रैल 2022 से आपको आने-जाने के लिए पहले से ज्यादा टोल टैक्स चुकाना होगा। एनएचएआई के परियोजना निदेशक एनएन गिरी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए अधिसूचना जारी कर दी गई है। दिल्ली को जोड़ने वाले हाईवे पर कारों और जीपों के टोल टैक्स में ?10 की बढ़ोतरी की गई है। सबसे ज्यादा बढ़ोतरी बड़े वाहन के टोल में की गई है। इनमें से वन-वे टोल में 65 की बढ़ोतरी की गई है। दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे (59.77 किलोमीटर) पर टोल शुल्क में भी कम से कम 10 फीसदी की वृद्धि होगी। काशी टोल प्लाजा पर सराय काले खां से एक्सप्रेस-वे पर कारों और जीपों जैसे हल्के-मोटर वाहनों के लिए टोल टैक्स 140 के बजाय 155 होगा। सराय काले खां से रसूलपुर सिकरोड प्लाजा तक टोल टैक्स 100 होगा, जबकि भोजपुर के लिए 130 रुपए होगा। इंदिरापुरम से, एनएचएआई हल्के मोटर वाहनों के लिए काशी तक 105 रुपये, भोजपुर तक 80 रुपये और रसूलपुर सिकरोड तक 55 रुपये का टोल लेगा। एनएचएआई को पिछले साल 25 दिसंबर से दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर यात्रियों से टोल वसूलना शुरू करना था, लेकिन तब ऐसा हो नहीं पाया था। इसके अलावा दिल्ली-जयपुर हाईवे पर स्थित खेड़की दौला टोल प्लाजा पर भी टोल टैक्स बढ़ेगा। इस टोल प्लाजा पर 14 फीसदी की बढ़ोतरी होगी। वहीं कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेस-वे (केएमपी) पर टोल में 9 फीसदी या इससे ज्यादा की बढ़ोतरी होगी। खेरकी दौला टोल प्लाजा प्रबंधन के अनुसार, 1 अप्रैल से बड़े कमर्शियल व्हीकल्स (ट्रकों, बसों और इसी तरह के वाहनों) से पहले के 205 के बजाय अब 235 प्रति ट्रिप शुल्क लिया जाएगा। कारों और जीपों के लिए नियमित टोल शुल्क 10 से 70 से 80 रुपए तक बढ़ा दिया गया है।




## महाराष्ट्र में हाईवे पर रोजाना हो रही 35 लोगों की मौत

**मुंबई।** महाराष्ट्र में करीबन 40 हजार किलोमीटर में हाईवे फैला हुआ है. ऐसे में आप अंदाजा लगा सकते हैं कि कितनी गाड़ियां इन रास्तों से रोज़ाना गुजरती होंगी. महाराष्ट्र हाईवे पुलिस के आकड़ों की माने तो रोज़ाना करीबन 35 लोगों की मौत हाईवे पर एक्सीडेंट्स की वजह से होती है. महाराष्ट्र हाईवे के एडीजी कुलवंत सारंगल ने एक समाचार चैनल से बातचीत में बताया कि ये एक्सीडेंट्स कई बार इंजीनियरिंग फोल्ट, मानव भूल या मौसम की वजह से होते हैं. ऐसे में लोगों को हाइवे पर चलते समय संभलकर चलना चाहिए. साल 2019 में हाइवे पर कुल 32925 एक्सीडेंट्स हुए जिसमें 12788 लोगों की मौत हुई थी यानी कि उस साल में एक दिन में 35 लोगों की मौतें हुई थी और 28628 लोग घायल हुए थे. साल 2020 में हाइवे पर कुल 24971 एक्सीडेंट्स हुए थे जिसमें से 11569 लोगों की मौतें हुई थी यानी कि उस साल में एक दिन में 32 लोगों की मौतें हुई थी और 19914 लोग जखूमी हुए थे।




## बढ़ती महंगाई से निजात पाने ज्यादा मेहनत करें और कमाई बढ़ाएं : स्वामी रामदेव




**नई दिल्ली।** योग गुरु से कारोबारी बने बाबा रामदेव ने बढ़ती महंगाई से निजात पाने के लिए ज्यादा मेहनत और कमाई बढ़ाने की नसीहत दी है। उनका वीडियो खूब वायरल हो रहा है जिसमें वे पेट्रोल और डीजल की कीमतों को लेकर सवाल पूछा जाने पर बुरी तरह भड़क रहे हैं। एक पत्रकार जब उनसे उनके पुराने बयानों का जिक्र करते हुए पेट्रोल और डीजल की बढ़ती कीमतों पर सवाल पूछता है तो रामदेव भड़क जाते हैं और पत्रकार को चुप हो जाने की हिदायत देते हैं। वायरल हो रहे ताजा वीडियो में रामदेव रिपोर्टर से सवाल पूछने के लिए कहते नजर आ रहे हैं। ÷ऐसे सवाल मत पूछो। क्या मैं एक ठेकेदार हूँ कि जो कुछ तुम पूछोगे मुझे उसका जवाब देना होगा? मैंने वह बयान दिया था और अब मैं नहीं देता। जो तुम कर सकतो हो वो करो। योग गुरु रामदेव ने कहा कि पिछले एक सप्ताह में ईंधन की कीमतों में लगातार वृद्धि के बारे में पूछे जाने पर कहा कि देश के लोगों को बढ़ती महंगाई से निपटने के लिए अपनी आय बढ़ाने के लिए कड़ी मेहनत करने की जरूरत है। मेरे जैसा संन्यासी भी कड़ी मेहनत कर सकता है। आम जनता को इस महंगाई से निपटने के लिए अपनी कमाई बढ़ाने के लिए कड़ी मेहनत करने की जरूरत है।

# अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान से पहले इमरान खान ने खोया बहुमत



■ पाक में अब तक कोई प्रधानमंत्री पांच साल का कार्यकाल नहीं पूरा कर सका है



■ पहले ही ऐलान हो चुका है कि शहबाज शरीफ पाक के नए पीएम बनाये जाएंगे


**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने सत्तारूढ़ गठबंधन के एक मुख्य सहयोगी दल के विपक्षी खेमे से जा मिलने के बाद अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान से पहले ही संसद में बहुमत खो दिया। एमक्यूएम-पी के पास सात सांसद हैं। जमीयत उलेमा-ई-इस्लाम (जेयूआई-एफ) के प्रमुख मौलान फजलुर रहमान ने कहा कि संसद के निचले सदन नेशनल असेंबली में अब विपक्ष के पास 175 सांसद हैं। यह पहले ही ऐलान किया जा चुका है कि पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के अध्यक्ष और विपक्ष के नेता शहबाज शरीफ को इमरान खान के हटने के बाद नया प्रधानमंत्री बनाया जायेगा। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ नीत गठबंधन सरकार के अहम सहयोगी दल मुत्तहिदा कौमी मूवमेंट-पाकिस्तान (एमक्यूएम-पी) ने इस्लामाबाद में प्रेस कांफ्रेंस कर ऐलान किया कि वह विपक्षी खेमे में शामिल हो गया है। एमक्यूएम-पी प्रमुख खालिद मकबूल सिद्दिकी ने कहा, हम सहिष्णुता और सच्चे लोकतंत्र की राजनीति के लिए नई शुरुआत करना चाहते हैं। एमक्यूएम-पी के साथ छोड़ने से इमरान सरकार ने सदन में स्पष्ट रूप से बहुमत खो दिया है। सरकार के एक अन्य सहयोगी और पांच सांसद रखने वाले दल बलूचिस्तान अवामी पार्टी (बीएपी) ने सोमवार को ही ऐलान कर दिया था कि उसने इमरान सरकार के खिलाफ मतदान करने के विपक्ष की पेशकश को स्वीकार कर लिया है। पाकिस्तान के गृहमंत्री शेख राशिद ने प्रधानमंत्री खान की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट की विशेष बैठक के बाद राशिद ने मीडिया को संबोधित किया। क्या अपने संबोधन के दौरान इमरान खान इस्तीफा दे देंगे? इस सवाल के जवाब में राशिद ने कहा, ''किसी भी हालत में नहीं, वह अंतिम गेंद तक खेलेंगे।'' पाकिस्तान में गत आठ मार्च को नेशनल असेंबली में विपक्षी दलों की ओर से संयुक्त रूप से अविश्वास प्रस्ताव लाने के बाद देश में राजनीतिक अस्थिरता उत्पन्न हो गई है। इमरान खान को सरकार बचाने के लिए 342 सदस्यीय संसद (नेशनल असेंबली) में 172 मत की जरूरत पड़ेगी। एक खबर के मुताबिक एमक्यूएम-पी ने विपक्ष का सहयोग करने का फैसला किया है और इसके दो मंत्रियों ने इस्तीफा दे दिया है। बताया जा रहा है कि एमक्यूएम-पी के सांसद फारोग नसीम और अमीनउल हक ने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। एमक्यूएम-पी के नेता फैजल सब्जवाडी ने कहा कि संयुक्त विपक्ष के साथ उसका समझौता हो चुका है। इमरान खान (69) की पार्टी पीटीआई के सदन में 155 सांसद हैं। इमरान को करीब दो दर्जन सांसदों की बगावत और सहयोगी दलों की चुनौतियों का भी सामना करना पड़ रहा है। पाकिस्तान के इतिहास में अब तक किसी भी प्रधानमंत्री को अविश्वास प्रस्ताव के जरिये नहीं हटाया गया है, लेकिन इस चुनौती का सामना करने वाले इमरान खान तीसरे प्रधानमंत्री हैं। इससे पहले इमरान खान ने अपनी पार्टी के सदस्यों को सख्त निर्देश दिया कि वह अवश्विवास प्रस्ताव पर मतदान के दिन या तो सदन में अनुपस्थित

## मम्मी जी के घर से मनमोहन जी के घर तक पदयात्रा करें तब समझ आएगा कि महंगाई क्यों बढ़ीः मुख्तार अब्बास नकवी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने बढ़ती महंगाई के लिए सप्लाई चेन और युद्ध को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि आज महंगाई सप्लाई चेन और युद्ध की वजह से बढ़ी है। यूके में तो 20 प्रतिशत से ज्यादा महंगाई बढ़ी है। इसके साथ ही नकवी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तंज भी कसा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लोगों को इतनी मेहनत करने की जरूरत नहीं है। वह अपनी मम्मी जी के घर से मनमोहन जी के घर तक पदयात्रा करें तब उनको समझ आएगा कि महंगाई क्यों बढ़ी थी। दरअसल, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और कई अन्य सांसदों ने पार्टी के महंगाई मुक्त भारत अभियान के तहत पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस और सीएनजी की कीमतों में बढ़ोतरी के खिलाफ गुरुवार को संसद के निकट धरना दिया। इस मौके पर राहुल ने कहा कि सरकार को पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों को नियंत्रित करना चाहिए और किसी भी तरह की वृद्धि नहीं करनी चाहिए, क्योंकि महंगाई की सबसे ज्यादा मार गरीबों व मध्य वर्ग के लोगों पर पड़ रही है। कांग्रेस नेता शशि थरूर ने कहा कि जब पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ते हैं तब हर चीज के दाम बढ़ते हैं। जब दुनिया में कच्चे तेल के दाम सबसे कम थे तब भी यह सरकार पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ा रही थी।

## जयपुर में तीन संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार



■ आरोपियों के पास से दस किलो आरडीएक्स तथा टाइमर बरामद

**जयपुर।** जयपुर और चित्तौड़गढ़ की पुलिस ने जयपुर में बम ब्लास्ट की सा?जिश रच रहे तीन संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से बम बनाने के लिए उपयोगी दस किलो आरडीएक्स तथा टाइमर बरामद किया है। पकड़े गए संदिग्ध आरोपी मध्यप्रदेश के रतलाम के रहने वाले हैं और उनके आतंकवादी संगठन से जुड़े होने की जानकारी मिली है, हालांकि फिलहाल इसका खुलासा नहीं किया गया है। जानकारी के अनुसार चित्तौड़गढ़ जिले के निम्बाहेड़ा कस्बे में जयपुर और चित्तौड़गढ़ की पुलिस संयुक्त रूप से नाकाबंदी कर रही थी। इसी दौरान मध्यप्रदेश की एक कार को रोककर पूछताछ की गई थी। जिसमें तीन युवक सवार थे। तीनों ही युवक पुलिस की पूछताछ को लेकर डरे हुए थे। जब उनकी कार की तलाशी ली गई तो उनके पास बम बनाने के लिए उपयोग में लिया जाने वाला सामान मिला। हिरासत में लिए जाने के बाद पूछताछ से तीनों युवकों के संदिग्ध आतंकी होने का पता चला। पूछताछ से खुलासा हुआ कि तीनों ने जयपुर में सीरियल बम ब्लास्ट करने की साजिश रची थी। जिसमें उनके और भी साथी शामिल हैं।

पुलिस ने आरोपियों की कार से बम बनाने की सामग्री, टाइमर और करीब 10 किलो आरडीएक्स बरामद किया गया। उनकी कार भी बरामद कर ली गई है। प्रारंभिक पूछताछ से पता चला है कि जयपुर में तीन जगह बम ब्लास्ट करने के लिए निंबाहेड़ा में बम बनाकर वह दूसरी गैंग को देने वाले थे, लेकिन इससे पहले पुलिस की गिरफ्त में आ गए। उदयपुर और जयपुर एटीएस टीम उनसे पूछताछ में जुटी है। पुलिस को उनके आतंकवादी संगठन से जुड़े होने का पता चला है लेकिन इसका खुलासा अभी बाकी है। एटीएस के प्रभारी आईपीएस अशोक राठौड़ के मुताबिक पकड़े गए आरोपियों के बारे में गुरुवार दोपहर बाद खुलासा किया जाएगा। फिलहाल आरोपियों से इस संबंध में पूछताछ जारी है कि वह बम बनाने की सामग्री कहां से लाए और कहां लेकर जा रहे थे। उनका संबंध किस आतंकी संगठन से हैं।

## योगी का भ्रष्टाचार पर बड़ा एक्शन, सोनभद्र डीएम को किया निलंबित

**लखनऊ।** योगी आदित्यनाथ ने फिर से मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के एक सप्ताह के भीतर भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। उन्होंने सोनभद्र जिलाधिकारी (डीएम) टीके शिबू को खनन मामले में अनियमितता के आरोप में निलंबित कर दिया है।

2012 बैच के आईएएस अधिकारी शिबू के खिलाफ बड़ी कार्रवाई कर सीएम योगी ने साफ कर दिया हैं, कि पूर्व की भांति ही भ्रष्टाचार पर जीरो टालरेंस की नीति इस कार्यकाल में भी सख्ती से लागू रहेगी। कार्रवाई के बाद डीएम के ऊपर विभागीय जांच बैठा दी गई है। वाराणसी के कमिश्नर को पूरे मामले की जांच सौंपी गई है। यूपी शासन की तरफ से कहा गया है कि सोनभद्र जिलाधिकारी शिबू के विरुद्ध जिले में खनन और अन्य निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार की शिकायतें जनप्रतिनिधियों द्वारा की जा रही थी। साथ ही इनके खिलाफ सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी करप्शन करने की शिकायत की थी। इतना ही नहीं विधानसभा चुनाव 2022 के दौरान भी जिला निर्वाचन अधिकारी के रूप में भी उन्होंने लापरवाही बरती थी। पोस्टल बैलेट पेपर सील नहीं किया गया, जिसके कारण पूरे जिले का मतदान निरस्त करने की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। इस वजह से सार्वजनिक स्थल पर उसकी तस्वीरें वायरल हो गई थीं। इस मामले को विंध्याचल मंडल मीरजापुर क्षरा जनप्रतिनिधियों को विश्वास में लेकर दोबारा सील किया गया था। जनसामान्य तथा जनप्रतिनिधियों से भी इनकी दूरी की शिकायत मिल रही थी। योगी सरकार की तरफ से कहा गया है कि सोनभद्र जिलाधिकारी टीके शिबू के खिलाफ भ्रष्टाचारों के आरोपों की जांच विंध्याचल मंडल के कमिश्नर ने की थी। जांच में आइएएस टीके शिबू को प्रथम दृष्ट्या दोषी पाया गया था। इसके बाद उन्हें निलंबित किया गया है। डीएम पर लगे आरोपों की जांच के लिए वाराणसी मंडल के कमिश्नर को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है।



## दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी अगर करेगी ऐसे गुंडागर्दी तो क्या सीखेंगे युवाः केजरीवाल



**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के घर पर हुई तोड़फोड़ के बाद एक तरफ जहां इस मामले में अब तक दिल्ली पुलिस की तरफ से आठ लोगों की गिरफ्तारी हुई तो वहीं दूसरी तरफ आम आदमी पार्टी ने हाईकोर्ट का रूख किया है। इस बीच सीएम केजरीवाल ने इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि देश के लिए जान भी हाजिर है। दिल्ली सीएम ने कहा कि केजरीवाल इम्पोर्टेंट नहीं है, देश के लिए जान भी हाज़िर है। उन्होंने आगे कहा कि हमें मिलकर देश को आगे बढ़ाना है, हमने झगड़े में 75 साल खराब कर दिए। देश की इतनी बड़ी पार्टी इस तरह से गुंडागर्दी करेगी तो युवाओं में गलत संदेश जाएगा। सीएम केजरीवाल ने कहा- अगर दुनिया की सबसे बड़ी और सत्ताधारी पार्टी दिल्ली में ऐसी गुंडागर्दी करेगी तो देश के युवाओं को क्या संदेश देगी? देश इस तरह आगे नहीं बढ़ सकता इससे पहले, बुधवार को दिल्ली के सीएम के आवास के बाहर तोड़फोड़ हुई और आम आदमी पार्टी के नेताओं ने आरोप लगाया कि इसमें बीजेपी के कार्यकर्ता शामिल थे। उधर, ग्रेटर कैलाश से आप विधायक सौरभ भारद्वाज इस मामले की जांच के लिए दिल्ली हाई कोर्ट पहुंच गए हैं। उन्होंने अदालत से मांग की है कि इस मामले में स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम का गठन हो और जांच जल्दी की जाए ताकि सबूतों के साथ कोई छेड़छाड़ ना हो। भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय राजधानी स्थित सीएम के आवास के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। इसके साथ ही, कश्मीरी पंडितों पर बनी फिल्म द कश्मीर फाइल्स पर सीएम केजरीवाल के बयान को लेकर मांग की थी कि वह माफी मांगें। इसी दौरान उनके आवास के बाहर तोड़फोड़ हुई।

## खास खबर

### नवजोत सिंह सिद्धू पर जमकर बरसे कांग्रेसी सांसद कैप्टन अमरिंदर का बचाव

**नई दिल्ली।** पंजाब विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की करारी हार पर कलह अब भी जारी है। प्रदेश अध्यक्ष रहे नवजोत सिंह सिद्धू ने इस्तीफा दे दिया है, लेकिन कांग्रेस नेता लगातार उन पर गुस्सा उतार रहे हैं। सिद्धू पर ताजा हमला पार्टी के लुधियाना से सांसद रवनीत सिंह बिट्टू ने बोला है। उन्होंने इशारों में ही नवजोत सिंह सिद्धू और चरणजीत सिंह चन्नी पर हमला बोला। बिट्टू ने कहा कि पंजाब की सियासत में वह हाल रहा कि गधों ने शेरों को मार गिराया। यही नहीं इशारों में ही सही, लेकिन सिद्धू पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि मिसगाइडेड मिसाइल ने पार्टी को ही तबाह कर दिया। बड़ी बात यह है कि रवनीत सिंह बिट्टू ने इस दौरान कैप्टन अमरिंदर सिंह का समर्थन किया और उन पर हमला बोलने वालों पर निशाना साधा। हालांकि बिट्टू ने हाईकमान को लेकर कहा कि इसमें उनका कोई हाथ नहीं है। बिट्टू बोले कि गधों ने शेर मार दिए। मिसगाइडेड मिसाइल ने पार्टी को तबाह कर दिया। रवनीत बिट्टू ने कहा कि कुछ लोग कहते थे कि मुझे ऐसा कर दो तो मैं ऐसे कर दूंगा। जो गब्बर सिंह बने थे, चुनाव में उन सबकी हवा निकल गई। पार्टी को भी समझ आ गया कि इन पर गलत भरोसा किया। बिट्टू की यह बात चरणजीत चन्नी और नवजोत सिद्धू से जोड़कर देखी जा रही है। बिट्टू ने तीखे तंज कसते हुए कहा, %कभी सुना था कि गीदड़ों ने शेर का शिकार कर दिया। यहां तो गधों से शेर मरवा दिए। जिनको हाईकमान ने जिम्मेदारी दी, वह कुछ नहीं कर पाए।% बिट्टू ने कहा कि हम लोग ही बोलते थे कि इसको हटा दो वर्ना हम अपने विधानसभा क्षेत्र में नहीं जा सकेंगे। इसको बना दो तो कहेंगे लोगों की लाइनें लग जाएंगी। हमने ही गलती की और हम भोग रहे हैं।

### असदुद्दीन औवेसी को उसी के घर में हराने की तैयारी कांग्रेस का फुल प्रूफ प्लान तैयार

**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी ने एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन औवेसी को उसी घर यानि हैदराबाद में शिकस्त देने की तैयारी तेज कर दी है। कांग्रेस पार्टी के नेताओं का कहना है कि औवेसी ने पिछले चुनावों में साबित कर दिया कि वो भाजपा की बी टीम के रूप में काम कर रहे हैं। ऐसे में उन्होंने भी औवेसी को उन्हीं के गढ़ में हराने के लिए पूरी ताकत लगानी शुरू कर दी है। इसके अलावा कांग्रेस पार्टी ने तेलंगाना में सत्तारूढ़ टीआरएस सरकार के खिलाफ मजबूत आंदोलन शुरू करने की घोषणा की है। तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अल्पसंख्यक विभाग की कार्यकारी समिति ने हाई कमान के निर्देश के बाद तेलंगाना के ओल्ड हैदराबाद में पार्टी सदस्यता अभियान को तेज करने का फैसला लिया है। ओल्ड हैदराबाद को असदुद्दीन औवेसी की पार्टी एआईएमआईएम का गढ़ माना जाता है। बुधवार को हैदराबाद के गांधी भवन में कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने गहन चर्चा के बाद यह फैसला लिया। एआईसीसी अल्पसंख्यक विभाग प्रभारी फरहान आजमी ने कहा, ÷इसमें कोई संदेह नहीं है कि एमआईएमआईएम भाजपा और संघ परिवार की बी-टीम की तरह काम कर रही है। यह उत्तर प्रदेश के हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनावों सहित विभिन्न चुनावों में साबित हुआ है। एक राजनीतिक दल के रूप में वे देश में कहीं भी एमआईएमआईएम से चुनाव लड़ने के लिए स्वतंत्र है। हालांकि, एमआईएमआईएम नेतृत्व भाजपा को लाभ पहुंचाने के लिए चुनावों का ध्रुवीकरण करने के एकमात्र इरादे से चुनिंदा निर्वाचन क्षेत्रों में चुनाव लड़ रहा है। अब हमने औवेसी को उनके ही गढ़ में टक्कर देने का फैसला लिया है।

### श्रीलंका में हालात बहुत खराब, चीनी, दुध, चावल की कमी, दवाईयों की कमी से सर्जरी रोकी गई

**कोलंबो।** श्रीलंका में अभी तक का सबसे बड़ा पावर कट शुरू हो गया है। आजादी के बाद अब तक के सबसे खराब आर्थिक संकट से जूझ रहे श्रीलंका में प्रतिदिन 10 घंटे की बिजली कटौती की शुरुआत हो गई है। देश में पेट्रोलियम ईंधन की भारी कमी है, इसकारण बिजली का उत्पादन काफी कम हो गया है। देश में खाने-पीने का सभी जरूरी सामानों की भारी कमी है, इससे गुस्साए लोग गोटाबाया राजपक्षे सरकार पर अपना गुस्सा जाहिर कर रहे हैं। यही हाल दवा की दुकानों और अस्पतालों का भी है। दवाओं की कमी के चलते सर्जरी रोकी जा रही है, जिससे कई मरीजों की जान जाने का खतरा भी बढ़ गया है। श्रीलंका के बिजली बोर्ड ने कहा कि महीने की शुरुआत से सात घंटे की जो बिजली काटी जा रही थी, अब उस 10 घंटे किया जा रहा है क्योंकि बिजली उत्पादन के लिए ईंधन नहीं है। अधिकारियों ने बताया कि श्रीलंका की 40 प्रतिशत से अधिक बिजली हाइड्रोपावर से पैदा होती है। ईंधन की कमी है, साथ ही बारिश न होने से अधिकांश नदियों और जलाशयों में पानी नहीं है जिस कारण बिजली पैदा करना और कठिन हो रहा है। श्रीलंका में अधिकांश बिजली उत्पादन कोयले और तेल से होता है। इन दोनों ही चीजों के लिए श्रीलंका आयात पर निर्भर है।

## न्यूज़ ट्रैक....

### बैंगलोर की जीत के बाद बदल गई अंक तालिका

नई दिल्ली । बैंगलोर और कोलकाता की टीमों के बीच बुधवार को हुए रोमांचक मैच के बाद अंक तालिका में बदलाव हुए। इंडियन प्रीमियर लीग के 15वें सीजन में अब सभी टीमें एक एक मैच खेल चुकी है। अंक तालिका में अब टीम के फैंस की दिलचस्पी बढ़ रही है क्योंकि इस बार मुकाबला 8 नहीं बल्कि 10 टीमों के बीच है। बैंगलोर ने शानदार गेंदबाजी के दम पर कोलकाता को टूर्नामेंट के छठे मुकाबले में महज 128 रन के स्कोर पर रोका। लक्ष्य आसान दिख रहा था लेकिन कोलकाता के गेंदबाजों ने इसे मुश्किल बना दिया। 19.2 ओवर में टीम ने 7 विकेट गंवाकर जीत का लक्ष्य हासिल किया। इस जीत के बाद टीम को दो मैच के बाद पहला अंक मिला और वह अंक तालिका में छठे स्थान पर पहुंच गई। इस वक्त अंक तालिका में पहले स्थान पर विस्फोटक बल्लेबाज संजू सैमसन की कप्तानी वाली टीम राजस्थान रायल्स है। पहले मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ टीम ने 210 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया था और 61 रन से जीत हासिल करने में कामयाबी पाई थी। इस जीत की वजह से टीम का नेट रन रेट बहुत ही शानदार हो गया और वह एक जीत हासिल करने वाली बाकी टीमों से उपर पहुंच गई। दूसरे नंबर पर दिल्ली की टीम है जिसकी कप्तानी भी एक विस्फोटक बल्लेबाज रिषभ पंत करते हैं। टीम ने अपने पहले मैच में पांच बार की चैंपियन मुंबई की टीम को हराया था। तीसरे स्थान पर पंजाब की टीम है जिसने बैंगलोर के खिलाफ पहले मैच में 205 रन के बड़े लक्ष्य का पीछा बड़े आराम से हासिल किया था।

### प्रो लीग में दो ओर तीन अप्रैल को भारत ओर इंग्लैंड में होगा मुकाबला

**भुवनेश्वर** । भारत और इंग्लैंड की पुरुष हॉकी टीम के बची दो और तीन अप्रैल को दो मैच खेले जाएंगे। यहां कलिंग हॉकी स्टेडियम में होने वाले इन मैचों के लिए इंग्लैंड टीम भारत पहुंच गयी है। इंग्लैंड टीम के कप्तान टॉम सॉर्सबी ने कहा कि भारत के खिलाफ एफआईएच प्रो लीग के दो मैचों में खेलने का लाभ उन्हें अगले साल यहां होने वाले विश्व कप में मिलेगा। सॉर्सबी ने कहा, 'हमारी टीम नई है, इसलिए हमारी तैयारी भले ही कम हो पर इन मैचों से हमें आगामी विश्व कप के लिए अभ्यास का अच्छा अवसर मिलेगा। इस टीम को हाल में प्रो लीग में खेलने का अच्छा अनुभव मिला है। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि हमें यहां जो भी अनुभव हासिल होगा वह काफी मायने रखेगा क्योंकि हमें विश्व कप के लिये फिर से यहां आना है। भारत साल 2023 में पुरुष हॉकी विश्व कप की मेजबानी करेगा। सॉर्सबी ने कहा, 'भारतीय टीम पिछले कुछ समय से लगातार अच्छा खेल रही है और यह परिणामों में दिख रहा है। इसलिए हम जानते हैं कि हमारा मुकाबला एक तगड़ी टीम से है। इसलिए हमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

### अफगानिस्तान टीम के कोच बने थोर्प

**लंदन** । अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर ग्राहम थोर्प को अपनी टीम का कोच बनाया है। थोर्प ने इंग्लैंड की ओर से साल 1993 से 2005 के बीच में सौ टेस्ट खेले हैं। इस बल्लेबाज को एशेज श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया से मिली हार के बाद बाहर कर दिया गया था। थोर्प से पहले दक्षिण अफ्रीका के क्लूजनर अफगानिस्तान के कोच थे पर उन्होंने दो साल के कार्यकाल के बाद नवंबर में ही इस्तीफा दे दिया था।

एलएसजी और सीएसके में टक्कर

# जिसका टॉपर चला बाजी उसके हाथ लगने की उम्मीद

**नईदिल्ली।** चेन्नई सुपर किंग्स ब्रेबोर्न स्टेडियम में IPL-15 के अपने दूसरे लीग मैच में आज लखनऊ सुपर जायंट्स से भिड़ेगी। ये टीमें अपने शुरुआती मैच हार कर आ रही हैं। ऐसे में दोनों जीत की पटरी पर लौटना चाहेंगी। IPL के इस सीजन में टॉस बड़ी अहम भूमिका निभा रहा है। हर टीम टॉस जीतने पर फील्डिंग करना ही पसंद कर रही है। चेन्नई और लखनऊ दोनों ही टीमों ने वानखेड़े स्टेडियम में पहले बल्लेबाजी की और मुकाबला गंवा बैठे। ब्रेबोर्न स्टेडियम में भी हालात कोई बहुत अलग नहीं होंगे। यहां भी टॉस जीतने वाली टीम पहले गेंदबाजी करना पसंद करेगी क्योंकि दूसरी पारी के दौरान ओस काफी प्रभाव डाल सकती है।

रवींद्र जडेजा की अगुवाई वाली CSK और केएल राहुल की स्त्र को अपने शुरुआती मुकाबले में शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों ने बहुत निराश किया। पावरप्ले में जब ताबड़तोड़ शुरुआत की दरकार थी, दोनों टीमों ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए। परिणाम ये हुआ कि पहले बल्लेबाजी करते हुए स्कोरबोर्ड पर बड़ा स्कोर नहीं लग सका । कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ पिछले मैच में ऑलराउंडर ड्वेन ब्रावो ने तीन विकेट जरूर लिये लेकिन अन्य गेंदबाज अच्छी गेंदबाजी नहीं कर सके थे। चेन्नई के गेंदबाजों को एक इकाई के तौर पर प्रदर्शन करने की जरूरत है।

CSK के ऋतुराज गायकवाड और डेवोन कॉनवे की शुरुआती नाकामी के बाद




अनुभवी रॉबिन उथप्पा उन्हें मिली अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में तब्दील नहीं कर सके। कप्तान रवींद्र जडेजा बल्ले से वैसी परफॉर्मेंस नहीं कर सके , जो हाल-फिलहाल उन्होंने टीम इंडिया के लिए दी है। लखनऊ के खिलाफ, CSK के ऊपरी क्रम के बल्लेबाज बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगे। प्लेइंग - 11 में चयन के लिए मोईन अली की मौजूदगी मौजूदा चैंपियन चेन्नई के लिए बड़ी राहत होगी। चेन्नई को अपने नए कप्तान जडेजा से बेहतर गेंदबाजी के साथ ही अच्छी कप्तानी की उम्मीद रहेगी।

**फिर से माही मैजिक की आस:** पहले मुकाबले में धोनी ने शुरुआती 25 गेंदें खेलकर 60 की स्ट्राइक रेट से सिर्फ 15 रन बनाए थे। सोशल मीडिया धोनी की धीमी पारी की आलोचना का दौर शुरू हो गया था। इसी बीच अगली 13 गेंदों पर उन्होंने 35 रन जड़ दिए। आंद्रे रसेल और शिवम मावी के खिलाफ उनके शॉट्स बता रहे थे कि आज भी धोनी वर्ल्ड के बेस्ट फिनिशर्स में से एक है।

### लखनऊ के सभी खिलाड़ियों को निभानी होगी अपनी भूमिका

IPL-15 में कागज पर सबसे बैलेंस्ड टीमों में से एक मानी जा रही लखनऊ सुपर जायंट्स डेब्यू मुकाबले में कुछ खास नहीं कर सकी। राहुल को बेहतर कप्तानी करने की जरूरत है क्योंकि टीम इंडिया के फ्यूचर कैप्टन की खातिर IPL में उनकी कप्तानी परखी जा रही है। मनीष पांडे और इविन लुईस के जल्दी आउट होने के बाद मिडिल ऑर्डर में दीपक हूडा, आयुष बदोनी और क्रुणाल पंड्या ने अच्छा खेल दिखाया था। इसबार बाकी बल्लेबाजों को भी जिम्मेदारी समझनी होगी। लखनऊ के गेंदबाजों को हालांकि बदलाव करना होगा।

## आईपीएल के बीते चार सीजन में केएल राहुल ने लगाए सबसे ज्यादा छक्के




**मुंबई** । क्रिकेट को रोमांच इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीए-2022) में चेन्नई सुपर किंग्स और लखनऊ सुपर जायंट्स की टीमों का मुकाबला होंगा। दोनों टीमों की सीजन की शुरुआत अच्छी नहीं रही है। चेन्नई को कोलकाता के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। वहीं लखनऊ की टीम को गुजरात टाइटंस ने हराया था। अपना पहला सीजन खेल रही लखनऊ की कमान धुरंधर बल्लेबाज केएल राहुल के हाथों में है। राहुल हालांकि गुजरात के खिलाफ खाता भी नहीं खोल पाए थे लेकिन चेन्नई के कप्तान रविंद्र जडेजा को मालूम है कि एक बार लय पकड़ पाने के बाद राहुल को रोकना मुश्किल है।

राहुल ने बीते सीजन में 626 रन बनाए थे। इसके अलावा 2020 में 670, 2019 में 593 और 2018 में 659 रन बनाए थे। यानी बीते चार सीजन में वह तीन बार छह सौ से ज्यादा रन बना चुके हैं। और एक बार सिर्फ सात रन से ही पीछे रहे थे। राहुल की फॉर्म जडेजा को चिंता में डाल सकती है।

केएल राहुल के साथ खासियत यह है कि वह परंपरागत शॉट खेलते हुए भी तेजी से रन बना सकते हैं। इसके अलावा इनोवेशन में भी उनका कोई जवाब नहीं। राहुल को जो बात सबसे ज्यादा खतरनाक बनाती है वह उनके सिक्स मारने की काबिलियत। यह बात शायद आपको हैरान करे लेकिन बीते चार सीजन में आईपीएल में सबसे ज्यादा सिक्स मारने वाले बल्लेबाज न तो कायरन पोलार्ड हैं, न आंद्रे रसल और न ही रोहित शर्मा। इस सूची में सबसे ऊपर नाम आता है केएल राहुल का।

पंजाब किंग्स के इस पूर्व कप्तान ने 56 पारियों में 110 छक्के लगाए हैं। यानी हर पारी में लगभग दो सिक्स। यह अपने आप में यह बताने के लिए काफी है कि जडेजा ऐंड कंपनी के लिए इस सलामी बल्लेबाज पर जल्द लगाम लगाना कितना जरूरी है। और जडेजा यह काम खुद बहुत अच्छा कर चुके हैं। उन्होंने हालांकि राहुल को टी20 क्रिकेट में कभी आउट नहीं किया है लेकिन राहुल के लिए जडेजा की गेंदबाजी पर रन बनाना कभी आसान नहीं रहा है। उन्होंने सभी टी20 में जडेजा की 38 गेंदों का सामना किया है और उन पर सिर्फ 39 रन बनाए हैं।

## आईपीएल में बेहतर प्रदर्शन से टीम इंडिया में जगह बना सकते हैं हार्दिक



**मुम्बई** । पूर्व भारतीय क्रिकेटर और महान खिलाड़ी सुनील गावस्कर के अनुसार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अच्छे प्रदर्शन के आधार पर कई खिलाड़ी आगामी टी20 विश्व कप क्रिकेट मुकाबले के लिए अपनी दावेदारी पेश कर सकते हैं। गावस्कर के अनुसार गुजरात टाइटंस टीम की कप्तानी कर रहे हार्दिक पांड्या के पास भी आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन कर टीम इंडिया में वापसी का अच्छा अवसर है पर इसके लिए उन्हें बल्लेबाजी के अलावा गेंदबाजी भी करनी होगी। पांड्या पिछले साल टी20 विश्व कप में अपनी टीम मुम्बई इंडियंस के बाहर होने के कारण ज्यादा नहीं खेल पाये थे। तब उन्होंने गेंदबाजी नहीं की थी। इसलिए उन्हें टीम इंडिया में भी जगह नहीं मिली। गावस्कर का अनुमान है कि यदि इस बार पांड्या अच्छी गेंदबाजी करते हैं तो उन्हें टीम में जगह मिल सकती है। हार्दिक को पिछले आईपीएल के बाद से ही गेंदबाजी न कर पाने ओर खराब फिटनेस के कारण टीम में शामिल नहीं किया गया है। हार्दिक इस सत्र में टाइटंस की अगुवाई कर रहे हैं और उनके पास निश्चित रूप से अपने को साबित करने का अवसर है। पूर्व कप्तान ने कहा कि हार्दिक ने 4 ओवरों में 37 रन दिए और इस दौरान वह अकसर 140-किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद फेंक रहे थे। उन्होंने अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाते हुए 28 गेंदों में 33 रन भी बनाए। वह आगे भी इसी प्रकार बल्लेबाजी के साथ ही गेंदबाजी करते रहे तो विश्व टी 20 के लिए उनकी दावेदारी पक्की हो जाएगी।



**फुटबॉल**

*सेंटियागो में विश्वकप फुटबॉल के क्वालीफाइंग मैच में खेलती हुई चिली ओर उरुग्वे की टीमें।*

## व्यापार न्यूज

### सरकार ने ऋण गारंटी योजना का दायरा बढ़ाया

**नई दिल्ली** । वित्त मंत्रालय ने पांच लाख करोड़ रुपए की आपात ऋण सुविधा गारंटी योजना (ईसीएलजीएस) का दायरा बढ़ा दिया। इसके तहत यात्रा, पर्यटन और होटल-रेस्तरां से जुड़े छोटे उद्यमों को योजना में शामिल किया गया है। वित्त मंत्रालय ने कहा कि ईसीएलजीएस 3.0 के तहत यात्रा, पर्यटन और होटल-रेस्तरां से जुड़े एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों) को शामिल कर लाभ का दायरा बढ़ाया गया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2022-23 के बजट में योजना की अवधि एक साल के लिए मार्च, 2023 तक बढ़ाने की घोषणा की थी। साथ ही योजना के तहत मंजूर राशि 4.5 लाख करोड़ रुपए से बढ़ाकर पांच लाख करोड़ रुपए कर दी थी। ताजा संशोधन के अनुसार ईसीएलजीएस 3.0 के अंतर्गत शामिल क्षेत्रों के नये कर्जदार जिन्होंने 31 मार्च, 2021 से 31 जनवरी, 2022 के बीच कर्ज लिया था, अब आपात ऋण सुविधा का लाभ लेने के लिए पात्र होंगे। साथ ही पात्र कर्जदारों के लिए कर्ज सीमा कोष आधारित बकाया कर्ज का 40 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया गया है। बयान के अनुसार बढ़ी हुई सीमा अधिकतम 200 करोड़ रुपए प्रति कर्जदार पर निर्भर करेगी। मंत्रालय ने कहा कि नये संशोधनों का मकसद इन संपर्क-गहन क्षेत्रों को बिना किसी गारंटी के नकदी के जरिये समर्थन देकर कारोबार को बढ़ावा देना है।

### सोना और चांदी की कीमतों में गिरावट

नई दिल्ली (ईएमएस)। बीते दिन की तेजी के बाद सोना और चांदी की कीमतों में गुरुवार को गिरावट दर्ज की गई। एमसीएक्स पर सोने की कीमत 0.51 फीसदी गिरकर 51,510 रुपए प्रति दस ग्राम पर रह गई है, वहीं चांदी के दाम में जबरदस्त 1.10 फीसदी की कमी आई है। इसके बाद चांदी का भाव टूटकर 66,667 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गया है। यहां बता दें कि आभूषण बनाने के लिए ज्यादातर 22 कैरेट का ही इस्तेमाल होता है। कुछ लोग 18 कैरेट सोने का भी इस्तेमाल करते हैं। आभूषण पर कैरेट के हिसाब से हॉल मार्क बना होता है। 24 कैरेट सोने के आभूषण पर 999 लिखा होता है, जबकि 23 कैरेट पर 958, 22 कैरेट पर 916, 21 कैरेट पर 875 और 18 कैरेट पर 750 लिखा होता है। देश भर में सोने के आभूषणों की कीमत उत्पाद शुल्क, राज्य करों और मेकिंग चार्ज के कारण बदलती रहती है।

### डॉलर के मुकाबले रुपया 23 पैसे बढ़कर 75.67 पर



**मुंबई** । वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और घरेलू शेयर बाजार में बढ़त से रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले गुरुवार को शुरुआती कारोबार में 23 पैसे की मजबूती के साथ 75.67 रुपढ प्रति डॉलर पर पहुंच गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 75.67 के भाव पर खुला जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 23 पैसे की बढ़त दर्शाता है। पिछले कारोबारी दिवस बुधवार को रुपया 17 पैसे की गिरावट के साथ 75.90 रुपए प्रति डॉलर के भाव पर बंद हुआ था।

### सेबी ने संबद्ध पक्ष लेनदेन के नए मानदंड स्पष्ट किए

नई दिल्ली (ईएमएस)। बाजार नियामक सेबी ने संबद्ध पक्ष लेनदेन के लिए नए मानदंडों को स्पष्ट करते हुए कहा कि कंपनियों को एक अप्रैल से पहले हुए सौदों के मामले में शेयरधारकों से नई मंजूरी लेने की जरूरत नहीं है। सेबी ने एक अप्रैल से लागू होने वाले नए ढांचे के कार्यान्वयन को स्थगित करने की उद्योग निकायों की अपील के बीच संबद्ध पक्ष लेनदेन (आरपीटी) मानदंडों पर एक परिपत्र जारी किया है। परिपत्र जारी होने से संकेत मिलता है कि नए मानदंडों के कार्यान्वयन को स्थगित किए जाने की संभावना नहीं है। एक अप्रैल 2022 से पहले ऑडिट समिति और शेयरधारकों द्वारा मंजूरी प्राप्त एक आरपीटी के लिए शेयरधारकों से दोबारा मंजूरी लेने की कोई जरूरत नहीं होगी। सेबी ने कहा कि पारदर्शिता, जवाबदेही और शेयरधारकों की मजबूती कॉरपोरेट प्रशासन का आधार है और सूचीबद्ध संस्थाओं को कानून की भावना का पालन सुनिश्चित करना चाहिए।

**आईएमएफ ने पूंजी प्रवाह के उदारीकरण की समीक्षा कर जारी किया दस्तावेज**

## पूंजीगत प्रवाह के खतरों को कम करने भारत ने सुरक्षा उपाय कर रखे हैं: आईएमएफ

**वाशिंगटन** । अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने कहा कि कोविड-19 संकट के बावजूद भारत को बीते कुछ वर्षों में रिकॉर्ड प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्राप्त हुआ है और पूंजीगत प्रवाह के खतरों को कम करने के लिए भारत में कुछ सुरक्षा उपाय हैं। आईएमएफ की पहली उप प्रबंध निदेशक गीता गोपीनाथ ने यहां कहा कि पूंजीगत प्रवाह के अनेक लाभ होते हैं। वे आवश्यक निवेशों के लिए वित्तपोषण उपलब्ध करवाते हैं और कुछ प्रकार के खतरों के खिलाफ सुरक्षा देने में मदद करते हैं। भारत में पूंजी प्रवाह होने से देशों को कई लाभ होते हैं और उन पूंजी प्रवाहों को प्राप्त करने से भी लाभ होता है। आईएमएफ ने पूंजी प्रवाह के उदारीकरण और प्रबंधन पर संस्थागत दृष्टिकोण (आईवी) की समीक्षा पर एक दस्तावेज जारी किया। आईवी को 2012 में अपनाया गया था और यह पूंजी प्रवाह से संबंधित नीतियों पर कोष परामर्श के लिए लगातार आधार प्रदान करता है।

गोपीनाथ ने कहा कि बड़ी मात्रा में पूंजी प्रवाह होने से अन्य प्रकार के वित्तीय खतरे जुड़े होते हैं। जहां तक भारत की बात है तो वहां बड़ी संख्या में पूंजी प्रतिबंध पहले से लागू हैं। बाहरी माहौल के बदलावों से निपटने के लिए भारत की सरकार इन प्रतिबंधों का इस्तेमाल काफी सक्रियता के साथ करती है। उन्होंने कहा कि पूंजी प्रवाह के लिहाज से भारतीय अर्थव्यवस्था में कई सुरक्षा व्यवस्थाएं हैं लेकिन यह अभी भी अपने पूंजी खातों को उदार बनाने की प्रक्रिया में है। जैसे-जैसे उसका वित्तीय बाजार गहरा होगा, वित्तीय संस्थान गहरे होंगे, यह पूंजी प्रवाह के अधिक रूपों की अनुमति देने की ओर बढ़ सकता है। पूंजी प्रवाह होने चाहिए क्योंकि ये प्राप्तकर्ता देशों के लिए विशेष तौर पर लाभदायक होते हैं हालांकि ये वृहद-आर्थिक चुनौतियों और वित्तीय स्थिरता के खतरे भी पैदा कर सकते हैं।

मजबूती के साथ खुले शेयर बाजार

## सेंसेक्स में 127 अंक की तेजी, निफ्टी 17,500 के पार

**मुंबई** । अमेरिका द्वारा अपने आपातकालीन भंडार से बड़ी मात्रा में कच्चा तेल जारी करने के संकेतों के बीच कच्चे तेल की वैश्विक कीमतों में तेज गिरावट आने और एचडीएफसी, बजाज फाइनेंस तथा आईसीआईसीआई बैंक जैसे बड़े शेयरों के लाभ में कारोबार करने से घरेलू शेयर बाजार के मानक सूचकांक सेंसेक्स में गुरुवार को शुरुआती कारोबार में ही 127 अंक से अधिक का उछाल देखा गया। कारोबारियों ने कहा कि नए सिरे से हुए विदेशी पूंजी प्रवाह ने भी घरेलू शेयर बाजार का समर्थन किया। बीएसई का तीस शेयरों का सूचकांक सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 127.38 अंक चढ़कर 58,811.37 अंक पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह एनएसई का सूचकांक निफ्टी भी 47.1 अंक की मजबूती के साथ 17,545.35 अंक पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स समूह में शामिल कंपनियों में से एमएंडएम, एचडीएफसी, बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक, एशियन पेंट्स, कोटक महिंद्रा बैंक, आईटीसी, एचयूएल, आईसीआईसीआई बैंक और इंडसइंड बैंक के शेयर लाभ की स्थिति में थे।वहीं, इंफोसिस, विप्रो, पॉवरग्रिड और रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के लिए शुरुआती कारोबार नुकसानदेह साबित हुआ। पिछले कारोबारी दिवस पर बुधवार को बीएसई सेंसेक्स 740.34 अंक बढ़त के साथ 58,683.99 अंक पर बंद हुआ था। इसी प्रकार नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 172.95 अंक की बढ़त के साथ 17,498.25 अंक पर बंद हुआ था।

## अगले वित्त वर्ष रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की छह बैठकें होंगी

**मुंबई** । अगले वित्त वर्ष 2022-23 में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की छह बैठकें होंगी। पहली बैठक छह से आठ अप्रैल को होगी। गवर्नर की अध्यक्षता वाली यह समिति दरें तय करती हैं। वह मौजूदा घरेलू और आर्थिक स्थितियों पर विचार-विमर्श के बाद द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करती है। इस बारे में केंद्रीय बैंक ने जो कार्यक्रम जारी किया है उसके मुताबिक 2022-23 के लिए पहली द्विमासिक मौद्रिक नीति को लेकर विचार-विमर्श छह से आठ अप्रैल के बीच होगा। दूसरी बैठक छह से आठ जून को होगी। कार्यक्रम के मुताबिक, तीसरी, चौथी और पांचवी बैठकें क्रमश~ दो से चार अगस्त, 28-30 सितंबर और 5-7 दिसंबर के बीच होंगी। समिति की छठी बैठक छह से आठ फरवरी-2023 को होगी। गवर्नर की अध्यक्षता वाली मौद्रिक नीति समिति में केंद्रीय बैंक के दो प्रतिनिधियों के अलावा तीन बाहरी सदस्य होते हैं।

# भारत में खुदरा कारोबार से हटने वाले विदेशी बैंकों की सूची में सिटी बैंक भी शामिल हुआ

**नई दिल्ली** । सिटीबैंक भारत में खुदरा कारोबार से हटने वाले विदेशी बैंकों की कतार में शामिल हो गया है। अमेरिका के प्रमुख बैंक ने बुधवार को अपने उपभोक्ता बैंक कारोबार को 12,235 करोड़ रुपये में एक्सिस बैंक को बेचने की घोषणा की। इससे पहले एएनजेड ग्रिंडलेज, आरबीएस, कॉमनवेल्थ बैंक ऑफ ऑस्ट्रेलिया जैसे वित्तीय संस्थान भारत से अपना कामकाज को धीरे-धीरे कम कर चुके हैं। दोनों बैंक ने कहा कि उसके निदेशक मंडलों ने सिटीबैंक के भारत में उपभोक्ता कारोबार को एक्सिस बैंक द्वारा अधिग्रहण को मंजूरी दे दी। इससे पहले 2012 में ब्रिटेन के प्रमुख बैंक बार्कलेज ने छोटे एवं मझोले शहरों में स्थित अपनी एक- तिहाई शाखाओं को बंद करके भारत के संचालन को बड़े पैमाने पर कम कर दिया था। भारत में अपने परिचालन को कम करना बार्कलेज की कॉरपोरेट बैंक, निवेश बैंक और संपत्ति प्रबंधन खंडों पर अधिक ध्यान देने की रणनीति का हिस्सा था। कॉमनवेल्थ बैंक ऑफ ऑस्ट्रेलिया 2016 में भारत में अपने कारोबार को समेट लिया था। उसने कहा था कि यह निर्णय भारत के संचालन के सावधानीपूर्वक मूल्यांकन के बाद किया गया है। उसी साल रॉयल बैंक ऑफ स्कॉटलैंड पीएलसी (आरबीएस) ने भी कॉरपोरेट, खुदरा और संस्थागत बैंक कारोबार समेटने का फैसला किया था।

बैंक ने वैश्विक स्तर पर कामकाज कम करने के मकसद से यह निर्णय किया था। ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड बैंक ने अपनी ग्रिंडलेज बैंक इकाई को स्टैंडर्ड चार्टर्ड को 1.34 अरब डॉलर में बेचने के बाद 2000 में घरेलू परिचालन को बंद कर दिया था। हालांकि, इसने 2011 में मुंबई में एक नई शाखा खोलकर भारतीय बाजार में फिर से प्रवेश किया। एएनजेड 1984 से ग्रिंडलेज बैंक के रूप में भारत में काम कर रहा था। डॉयचे बैंक 2011 में अपना क्रेडिट कार्ड व्यवसाय इंडसइंड बैंक को बेच दिया। वहीं यूबीएस 2013 में भारतीय परिचालन से हट गया। जबकि मोर्गन स्टेनले ने बैंक लाइसेंस वापस कर दिया जबकि निवेश बैंक कारोबार को जारी रखा। इसी प्रकार, मेरिल लिंच और स्टैंडर्ड चार्टर्ड ने 2015 में अपने कारोबार को सीमित किया था।

## जियो के जनवरी में दूरसंचार ग्राहक घटे, एयरटेल के बढ़े: ट्राई

**नई दिल्ली** । भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) द्वारा जारी ताजा आंकड़ों के मुताबिक देश में दूरसंचार ग्राहकों की संख्या इस साल जनवरी में मामूली रूप से घटकर 116.94 करोड़ रह गई। नियामक ने बताया कि ऐसा मुख्य रूप से रिलायंस जियो के मोबाइल फोन उपयोगकर्ताओं की संख्या में 93.22 लाख की कमी के चलते हुआ। देश में दिसंबर 2021 में 117.84 करोड़ दूरसंचार ग्राहक थे। मुंबई, महाराष्ट्र और जम्मू-कश्मीर को छोड़कर अधिकांश दूरसंचार सर्किलों में ग्राहकों की संख्या में गिरावट आई। समीक्षाधीन अवधि में भारती एयरटेल के मोबाइल सेवा के ग्राहकों में 7.14 लाख की बढ़ोतरी हुई और यह एकमात्र बढ़त दर्ज करने वाली कंपनी रही। ट्राई की मासिक ग्राहक रिपोर्ट में कहा गया कि जनवरी में मोबाइल सेवा खंड में रिलायंस जियो के सबसे अधिक 93.22 लाख ग्राहक घटे। देश के कुल दूरसंचार ग्राहक आधार में मोबाइल या वायरलेस खंड की हिस्सेदारी लगभग 98 प्रतिशत है। समीक्षाधीन अवधि में मोबाइल सेवा खंड में वोडाफोन आइडिया ने 3.89 लाख और बीएसएनएल ने 3.77 लाख ग्राहकों को खो दिया।

# पूजा हेगड़े ने किया आंख मारने का स्टंट, कुछ घंटों में मिले मिलियन लाइक्स



पूजा हेगड़े ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है. जिसमें उन्होंने अपने तीन लुक्स बदल डाले हैं. आउट ऑफ द बेड लुक से लेकर एक के बाद एक स्टनिंग लुक्स. उसके बाद उन्होंने अपने फैंस के लिए क्या है विंक. जिसके बाद तो मानो फैन बेहाल ही हो उठे हैं. उनके इस विंक वीडियो को जिस तरह से तेजी से लाइक्स मिल रहे हैं उसे देखकर इंडिया की विंक सेंसेशन रह चुकी प्रिया प्रकाश वारियर के होश जरूर उड़ सकते हैं. कुछ 48 घंटे पहले पूजा ने ये वीडियो अपलोड किया है और उन्हें अब तक एक मिलियन से ज्यादा लाइक्स मिल चुके हैं और ये हर घंटे बहुत तेजी से बढ़ रहे हैं. तीन साल पहले प्रिया प्रकाश वारियर ने भी एक फिल्म में विंक का ऐसा सीन दिया था कि वो रातोंरात नेशनल क्रश बन गई थीं. अपने ड्रेसिंग टेबल के सामने बैठकर पूजा ने ये वीडियो बनाया है. जिसमें उनका पहला लुक ऐसा है जिसे बिना मेकअप वाला लुक कहा जा सकता है. फिर पूजा ने लिया एक टर्न और बदल गया उनका लुक जिसमें उनका मेकअप भी हो गया और हेयर भी ठीक लगने लगे. ड्रेस हो गई ग्लिटरी पार्टी लुक. जिसमें पीछे बैकलेस जैसे स्ट्रेप हैं. इस हॉट वीडियो में उन्होंने शरारत करते हुए अंत में जो आंख मारी है उससे उनके चाहने वाले क्रेजी होकर इस वीडियो को बार-बार देख रहे हैं. पूजा हेगड़े ने ऋतिक रोशन के साथ फिल्म मोहनजोदाड़ो से अपना करियर हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में शुरू किया था. 2009 में उन्होंने मिस इंडिया प्रतियोगिता में भी हिस्सा लिया था लेकिन वो यहां विनर नहीं बन सकीं. 2012 में जीवा के साथ उन्होंने फिल्म मुगामूडी में पहली बार फिल्मी कैमरा फेस किया. फिर करीब हर साल साउथ इंडस्ट्री में उनकी फिल्में आईं. अक्षय कुमार की फिल्म हाउसफुल 4 में उन्हें चांस मिला. हाल ही में उन्होंने अपनी फीस 3 करोड़ रुपए कर दी है. साउथ के साथ-साथ वो रणवीर सिंह की सर्कस और सलमान के साथ कभी ईद कभी दिवाली में नजर आने वाली हैं. फैंस को उनकी फिल्मों का बेताबी से इंतजार है।

## आशा है कि मेरी किताब बातचीत को प्रोत्साहित करेगी: टिस्का चोपड़ा

टिस्का चोपड़ा की नई किताब व्हाट्स अप विद मी? युवावस्था और मासिक धर्म जैसे विषयों पर आधारित है। अभिनेत्री को उम्मीद है कि उनका ये प्रयास इन विषयों पर बातचीत को बढ़ावा देने में मदद करेगा, जो थोड़ा असहज होगा लेकिन जरूरी भी है। टिस्का ने बताया,



मेरी किताब व्हाट्स अप अप विद मी? में लड़कियों में युवावस्था में होने वाले बदलाव जैसे कि पीरियड्स, पिंपल्स, मुंहासे, स्तनों का विकास, ब्रा खरीदना, सैनिटरी नैपकिन, उसके बदलते हार्मोन, मूड, उसके दोस्तों के साथ संबंधों, लड़के, माता-पिता और भावनात्मक और शारीरिक परिवर्तन का जिक्र है। पिछले महीने जारी अपनी इस किताब के बारे में उन्होंने आगे कहा, इस किताब को लिखने में मुझे साइंस, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. माला अरोड़ा और थेरपिस्ट डॉ. मालविका वर्मा का सहयोग मिला है।

## सत्यमेव जयते 2 की रिलीज टली

जॉन अब्राहम-स्टारर सत्यमेव जयते 2 की रिलीज की तारीख कोविड के प्रकोप के कारण स्थगित कर दी गई है। फिल्म निर्देशक मिलाप जावेरी ने इंस्टाग्राम पर मंगलवार सुबह इसकी घोषणा की। यह फिल्म 13 मई को ईद पर रिलीज होनी थी, जो बॉक्स ऑफिस पर सलमान खान की राधे- योर मोस्ट वांटेड भाई को टक्कर देने के लिए तैयार थी। झवेरी ने लिखा, इस संकट के समय, जनता की सुरक्षा और स्वास्थ की परवाह करते हुए हम अपनी आने वाली फिल्म सत्यमेव जयते 2 की तारीख निर्धारित समय से आगे बढ़ा रहे हैं। फिल्म से सम्बंधित आगे की जानकारी हम आपको देते रहेंगे। तब तक दो गज की दूरी तथा मास्क लगाए रखिये, अपना और अपनों का ध्यान रखें, जय हिन्द ! उन्होंने बयान को कैप्शन देते हुए कहा, भारत सुरक्षित रहे। मजबूत रहे। उन लोगों की मदद करें जिसकी आप कर सकते हैं। ये भी बीत जाएगा। जल्द मिलते हैं सत्यमेव जयते में।एक्शन ड्रामा में मनोज बाजपेयी और दिव्या खोसला कुमार भी हैं।

## रामयुग में राम की कहानी का प्रसार करने से फैलेगी सकारात्मकता:कुणाल कोहली

निर्देशक कुणाल कोहली कहते है कि उनकी आगामी पौराणिक वेब श्रृंखला रामयुग भगवान राम की कहानी को बयान करती है। इस समय में जब लोग इस महामारी में निराशा महसूस कर रहे हैं तो इससे सकारात्मकता और आशा का प्रसार होगा। कोहली कहते हैं, देश बेहद कठिन समय से गुजर रहा है और हम आशा करते हैं कि इस महाकाव्यात्मक कहानी का फिर से कहना उन्हें प्रेरित करेगा और उनके परिवारों को शक्ति देगा जो एक साथ बैठकर इस कहानी को देख सकते हैं। वे कहते हैं, राम की कहानी को भारत के कुछ महानतम लेखकों द्वारा संस्कृत और क्षेत्रीय भाषाओं दोनों में लिखा गया है।

# सलमान की राधे के बाद अब अक्षय कुमार की बेल बॉटम भी हो सकती हैं ओटीटी पर रिलीज



इसमें कोई दो राय नहीं है कि अक्षय कुमार इस वक्त के सबसे व्यस्त अभिनेताओं की लिस्ट में आते हैं। जिनके पास करीब आधा दर्जन से ज्यादा फिल्में रिलीज के लिए लगी हुई हैं। इसके अलावा अभिनेता अक्षय कुमार इन दिनों अपनी एक के बाद एक फिल्मों की शूटिंग पूरी करने में व्यस्त हैं। हाल ही में अक्षय कुमार ने अपनी फिल्म रामसेतु की शूटिंग यूपी के अयोध्या में शुरू की थी। जिसमें उनके अलावा नुशरत भरुचा और जैकलीन फर्नांडिस मुख्य किरदार में नजर आने वाले है। इस कोरोना काल में अक्षय कुमार की कई फिल्में रिलीज के लिए अटकी है। जिनमे से कुछ फिल्मों की रिलीज को ओटीटी प्लेटफार्म पर रिलीज करने की तैयारी में है। बता दें कि पिछले साल से अक्षय कुमार की फिल्में कोरोना की वजह से रुकी हुई है। अब रिलीज फिल्मों को ओटीटी प्लेटफार्म पर रिलीज करने की बातें चलने लगी है। पिछले एक साल सिनेमाघरों में रिलीज के लिए अटकी सलमान खान की फिल्म राधे- योर मोस्ट वॉन्टेड भाई मेकर्स ने सिनेमा हॉल के साथ ओटीटी प्लेटफार्म पर रिलीज करने का फैसला ले लिया है। अब इसी अक्षय कुमार की फिल्म बेल बॉटम के मेकर्स ने बीते दिनों ऐलान किया था कि ये फिल्म 28 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। लेकिन इस वक्त देश के जो हालात है। उसको देखकर ये संभव नहीं लग रहा है। फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है। खबरों के अनुसार कहा जा रहा है कि, जैसे देश में हालात है उन्हें देखते हुए जुलाई से पहले शायद ही किसी फिल्म को सिनेमाहॉल में रिलीज करने की उम्मीद है। अक्षय कुमार की फिल्म बेल बॉटम के मेकर्स ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी प्लस हॉटस्कर से बात कर रहे हैं। इससे पहले जनवरी के महीने में मेकर्स ने अमेज़न प्राइम से बात करने की खबरें सामने आई थी लेकिन दोनों के बीच फिल्म के राइट्स लेने की होड़ लगी हुई थी।



# संत शतार सागर के मार्ग पर चलना उनके प्रति सच्ची विनयांजलि: राकेश भण्डारी



**अम्बाह।** नगर में जन्मे जैन संत शतार सागर की महाराज का कानपुर जिला उदयपुर में समाधि मरण होने पर स्थानीय दिगंबर जैन समाज ने बडी जैन धर्मशाला में विनयांजलि अर्पित करने के लिए सभा का आयोजन किया। इसमें बडी संख्या में नगर सहित आसपास क्षेत्र के समाजजन उपस्थित रहे। मौजूद सभी लोगों ने समाधिस्थ मुनि को विनयांजलि अर्पित की। राकेश जैन भंडारी ने कहा कि मुनि शतार सागर जी महाराज को सच्ची विनयांजलि तो उनके बताए मार्ग पर चलकर होगी। जिस तरह उन्होने अपने जीवन को त्याग और तप के साथ जिया। हमें भी अपने जीवन को सफल बनाने के लिए त्याग और तप को अपनाना चाहिए। ताकि हमारा जीवन भी सफल हो सके।

पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष उमेश जैन ने कहा कि शतार सागर महाराज के हमारे बीच से यूं चले जाने से हम भाव विभौर हुए है पर विचलित कतई नहीं हुए है। हमें भी एक दिन इसी मंजिल को पाना है। हम सबका लक्ष्य भी यही है। वीरेंद्र जैन शिक्षक ने कहा कि भारतीय परंपरा जो आज समृद्ध बनी हुई है। उसके पीछे जो दो कारण है उसमें पहला कारण भारतीय संत परंपरा व दूसरा कारण भारतीय ग्रंथ है। संत और ग्रंथ की जो संस्कृति है वहीं भारत को विश्व गुरु बना कर रखती है। भारत की जो परंपरा है वह सदा ही सर्वश्रेष्ठ रही है। वीरेंद्र जैन ने कहा कि जब मैकाले को भारत पर कब्जा करने के लिए भेजा गया तो उसने पूरे भारत का भ्रमण किया।

## राजेश जैन बन्टी बने भारतीय जैन मिलन के क्षेत्रीय अध्यक्ष



**मुरैना।** सोनागिर जी सिद्धक्षेत्र में 26-27 मार्च को आयोजित हुए भारतीय जैन मिलन के 35 वेद क्षेत्रीय अधिवेशन मे राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर विजय जैन गुना द्वारा राजेश जैन बंटी को आगामी वर्ष 2022-23 के लिए पुनः क्षेत्रीय अध्यक्ष एवं वीरां अनीता जैन को पुनः क्षेत्रीय मंत्री बनाऐ जाने की घोषणा की है। उनके मनोनयन पर जैन मिलन महिला मुरैना की ओर से दोनों पदाधिकारीयों को बधाई शुभकामनाएं दी हैं। भारतीय जैन मिलन क्षेत्रीय चैयरमेन सरिता जैन ने बताया कि भारतीय जैन मिलन एक राष्ट्व्यापी संस्था हैं जिसके संपूर्ण भारत में 19 जोन हैं जिसमें लगभग 13 हजार से ज्यादा शाखओं के माध्यम से पूरे भारतवर्ष में धार्मिक, सामाजिक एवं मान सेवा के कार्य संपादित किए जा रहे हैं श्रीमती जैन ने बताया कि इससे पूर्व दोनों ही पदाधिकारी वर्ष 2021-22 में भी इन्हीं पदों पर अपनी जिम्मेदारियां निभा रहे थे। उन्होंने बताया कि क्षेत्रीय अध्यक्ष राजेश जैन बंटी एक अत्यंत मिलनसार, धार्मिक, कर्मठ और जैन समाज एवं जैन मिलन के लिए समर्पित कार्यकर्ता के रूप में अग्रणी रहे हैं। उन्होंने अपना सामाजिक जीवन गोरमी जैसी ग्रामीण शाखा से आरंभ किया और जैन मिलन में शाखा अध्यक्ष, क्षेत्रीय संयोजक, क्षेत्रीय उपमंत्री, क्षेत्रीय मंत्री, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एवं विगत वर्ग में क्षेत्रीय अध्यक्ष के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान की हैं। जैन मिलन महिला मुरैना की तरफ से दोनों पदाधिकारीयों को पुनः बधाई शुभकामनाएं दी हैं। बधाई देने वालों में राष्ट्रीय संयोजिका भावना जैन, क्षेत्रीय चैयरमेन सरिता जैन, रजनी, बबिता, जूली, शिक्षा, सोनी, प्रीति, राखी, रेखा, शीतल, श्वेता, संगीता, पारुल, कल्पना, बबिता, रेखा, संगीता, आरती, दीपा, शिल्पी, दीपा, नीलम व किरण शामिल हैं।

## हिंदू जागरण मंच हर्षोल्लास के साथ मनाएगा नववर्ष

**मुरैना।** हिंदू जागरण मंच चेत्र प्रतिपदा गुड़ी पड़वा 2 अप्रैल को नववर्ष धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाएगा। इससे पूर्व नववर्ष की पूर्व संध्या पर 1 अप्रैल की शाम को एमएस रोड स्थित बिस्मिल संग्रहालय को भव्य तरीके से मनाया जा रहा है। जहां पर शाम 7 बजे भारत माता, श्रीराम दरबार की आरती, भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रदेश संगठन मंत्री मनीष उपाध्याय एवं क्षेत्रीय संयोजक प्रांतीय अध्यक्ष राजीव दंडोतिया उपस्थित रहेंगे। जिला अध्यक्ष अवधेश गुप्ता द्वारा सभी जिले वासियों से नव वर्ष गुड़ी पड़वा की पूर्व संध्या पर कार्यक्रम में उपस्थित होकर उसे सफल बनाने की अपील की गई है। साथ ही कहा गया है कि हिंदू नव वर्ष को पारंपरिक तरीके से मनाना चाहिए, जिससे हमारी संस्कृति सुरक्षित रह सके एवं भविष्य में युवा पीढ़ी को हमारे संस्कार को समझने की शिक्षा मिले। हिंदू जागरण मंच के जिला अध्यक्ष अवधेश गुप्ता ने सभी युवा बंधुओं से आग्रह किया है कि हम पश्चिमी संस्कृति को नकारकर शाकाहार अपनाएं, पहनावे का भी विशेष ध्यान रखना चाहिए, जिससे मर्यादा भंग ना हो। श्री गुप्ता ने सभी नगर वासियों, मातृशक्ति, युवा भाई बहनों एवं गणमान्य नागरिकों से नववर्ष कार्यक्रम में सपरिवार उपस्थित रहने की अपील की है।

## महंगाई के चलते महिलाओं ने की सिलेंडर की पूजा



**मुरैना।** केंद्र में विराजमान नरेंद्र मोदी सरकार के द्वारा पेट्रोल-डीजल व गैस सिलेंडर सहित खाद्य सामग्रियों पर लगातार बढ़ाई जा रही महंगाई से महिलाओं के घर का बजट बिगड़ने लगा है, लोग त्राहि-त्राहि कर रहे हैं। चुनाव समाप्त होते ही सिलेंडर एक बार फिर कीमत बढ़ने से आम जनता की आर्थिक स्थिति गड़बड़ होती जा रही है और लोगों का घर चलाना भी मुश्किल हो गया है। गुरुवार को महंगाई से पीड़ित महिलाओं ने सुमावली ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राकेश सिंह परमार के नेतृत्व में सड़क पर सिलेंडर रखकर उसकी पूजा-अर्चना की और महंगाई को लेकर गीत गाए। गुरुवार को महंगाई से परेशान न्यू हाउसिंग बोर्ड की महिलाओं ने रसोई गैस सिलेंडर की फूल माला पहनाकर अगरवत्ती लगाकर पूजा अर्चना की ओर प्रार्थना कर कहा कि अब हम रसोई गैस सिलेंडर की महंगाई की मार झेल नहीं पा रहे हैं।

# एडोप्ट आंगनवाड़ी का मुरैना एसडीएम ने किया अवलोकन


**मुरैना।** कलेक्टर बी.कार्तिकेयन के निर्देशन में मुरैना अनुविभागीय अधिकारी शिवलाल शाक्य ने एडोप्ट आंगनवाड़ी केन्द्र का गत दिवस निरीक्षण किया। निरीक्षण में एसडीएम मुरैना को ग्राम हरिचन्द्र बसई आंगनवाड़ी केन्द्र एडोप्ट के रूप में मिली थी। एसडीएम ने आंगनवाड़ी केन्द्र पर पहुंचकर आवश्यकताओं का निरीक्षण किया। भ्रमण के समय केन्द्र पर 55 बच्चे उपस्थित पाये गये, जिन्हें फल, चौकलेट, बिस्कुट, खिलौने आदि सामग्री बच्चों को भेंट की। वहीं स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया, रेफरल खाना, नाश्ता, आंगनवाड़ी संचालन आदि सभी के बारे में विस्तार से जानकारी ली। एसडीएम ने बताया कि इस आंगनवाड़ी केन्द्र को आदर्श आंगनवाड़ी केन्द्र के रूप में विकसित किया जायेगा। भवन की मरम्मत, फिशल पट्टी, रंगाई-पुताई, बाल पेटिंग, नल कनेक्शन, बच्चों के लिये बैठने के लिये फर्श, कुर्सी, यूनिफार्म के लिये एसडीएम द्वारा विस्तार से रूपरेखा तैयार की। मौके पर जनपद सीईओ शेलेन्द्र यादव, सीडीपी श्रीमती निशा शंकवार के साथ विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर बच्चों का वजन, ऊंचाई नापकर केटेगिरी बार जांच की गई। भ्रमण के समय सरपंच, सचिव और ग्रामीण भी मौजूद थे।



## अवैध कट्टा एवं कारतूस लेकर घूमने वाले आरोपी को 02 वर्ष का सश्रम कारावास व अर्थदण्ड



**मुरैना।** अवैध कट्टा एवं कारतूस लेकर घूमने के मामले में न्यायालय श्रीमान न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, तहसील अंबाह जिला मुरैना के न्यायालय द्वारा आरोपी टिल्लू उर्फ मलखान पुत्र नाथू सिंह भदौरिया उम्र-42 वर्ष, निवासी चक सिकहरा थाना नगरा, जिला मुरैना म.प्र. को आर्म्स एक्ट की धारा 25(1-बी)(ए) में दोषी पाते हुये 02 वर्ष के सश्रम कारावास व एक हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अभियोजन अधिकारी/मीडिया सेल प्रभारी श्रीमती रश्मि अग्रवाल ने बताया कि घटना इस प्रकार है कि थाना नगरा के सहा. उप-निरीक्षक को मुखबिर के जरिये सूचना प्राप्त हुई कि ईट के भट्टा के सामने नगरा रछेड रोड पर एक व्यक्ति सफेद चेक की शर्ट व नीले रंग का लोवर पहने हुये है जो 315 बोर का कट्टा हाथ में लिये वारदात करने की नीयत से खडा है। मुखबिर की उक्त सूचना की तस्दीक हेतु थाना नगरा के सहा. उप-निरीक्षक मय हमराह फोर्स के रवाना होकर मुखबिर द्वारा बताये स्थान पर पहुंचे तो देखा कि एक व्यक्ति दाहिने हाथ में कट्टा लिये खडा है, जो पुलिस को देखकर हडबडाकर भागने लगा जिसे फोर्स की मदद से घेरकर पकडा तथा हाथ में लिये कट्टे के संबंध में लायसेंस चाहने पर उसके द्वारा लायसेंस न होना बताया। आरोपी का नाम व पता पूछा तो उसने अपना नाम टिल्लू उर्फ मलखान पुत्र नाथू सिंह निवासी चक सिकहरा का होना बताया। साक्षीगण के समक्ष विधिवत आरोपी के कब्जे से 315 बोर का कट्टा एवं जीवित राउण्ड के जप्त कर जप्ती पंचनामा बनाया गया, आरोपी को गिरफ्तार किया गया। संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियोग पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।



## फरारी आरोपी पुलिस आरक्षक रेडियो आदित्रा राव भूषण को गिरफ्तार कर जेल भेजा




**मुरैना।** फरार आरोपी आदित्य राव भूषण जो पुलिस आरक्षक रेडियो के पद पर जिला दतिया में पदस्थ है, को बुधवार को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। जिला आबकारी अधिकारी सुश्री निधी जैन ने बताया कि 16 फरवरी 2022 को मुखबिर की सूचना पर आबकारी वृत्त मुरैना स्टॉफ के द्वारा धौलपुर मुरैना मार्ग पर वाहन क्रमांक एमएच-03 सीएच-0845 को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान 8 पेटी देशी, विदेशी की कुल 70 लीटर मदिरा बरामद की गई। वहीं वाहन में पुलिस आरक्षक क्रमांक 281 आदित्य भूषण राव 36 वर्षीय पुत्र शिवचरण लाल संजय कॉलोनी मुरैना को गाडी ड्राइव करते पाया गया। जो दतिया जिले में रेडियो पुलिस विभाग में आरक्षक के पद पर पदस्थ है। आरोपी को गिरफ्तार कर आरोपी के विरूद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम संशोधन 2000 की धारा 34(1) क, एवं 34(2) के तहत अपराध क्रमांक 841/22 कायम कर आरोपी को अभिरक्षा में रखा गया था। 17 फरवरी 2022 को सुबह आरोपी ड्यूटी पर तैनात आरक्षकों को चकमा देकर फरार हो गया, जिसकी सूचना तत्काल पुलिस अधीक्षक रेडियों ग्वालियर रेंज को दी गई एवं आरोपी आदित्य भूषण राव के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही करने के लिये लेख किया गया। इस कार्य में लापरवाही बरतने पर आरक्षक धर्मेन्द्र कौशल एवं आरक्षक मुकेश माहौर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर मुख्यालय जिला डिण्डोरी में संलग्न किया गया। आरोपी आदित्य भूषण राव आबकारी अभिरक्षा से फरार होने से आरोपी के विरूद्ध स्टेशन रोड़ मुरैना में आईपीसी-224 के तहत एफ.आई.आर. दर्ज कराई गई। 17 फरवरी से 30 मार्च को आबकारी विभाग मुरैना वृत्त प्रभारी सुनील सेंमर मय आबकारी वल के द्वारा सम्भावित स्थानों पर लगातार दबिश कर मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया।

# रिठौरा से टेकरी मार्ग बनने से 60 कि.मी. की दूरी 30 कि.मी. में सिमटी

**मुरैना।** टेकरी से रिठौराकलां मार्ग एक समय एकांकी मार्ग था, लोगों को मुरैना से माल्पुर, भिण्ड जाने के लिये ग्वालियर बायपास का सहारा लेकर जाना पड़ता था। किन्तु लोक निर्माण विभाग द्वारा विगत माह बिचौला टेकरी मार्ग टू-लेन 7 मीटर चौड़ाई, डामरीकृत मार्ग बन जाने से रिठौराकलां से टेकरी मार्ग की दूरी 60 किलोमीटर की बजाय 30 किलोमीटर में सिमट गई है।

लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री इंदर सिंह जादौन ने बताया कि टेकरी से रिठौराकलां पहुंचने के लिये यह दूरी लगभग 30 किलोमीटर थी, किन्तु सड़क के दयनीय स्थिति होने के कारण भारी वाहन, यात्री बानमौर, ग्वालियर बायपास से होकर रिठौराकलां या मालनपुर औद्यौगिक क्षेत्र में लगभग 60 किलोमीटर की दूरी तय कर पहुंचते थे। जिसमें अधिक डीजल और समय भी व्यर्थ होता था। लेकिन मध्यप्रदेश सरकार के विशेष प्रयासों से टेकरी से रिठौराकलां, मालनपुर मार्ग टू-लेन 7 मीटर चौड़ाई डामरीकरण का कार्य पूर्ण होने से लोग 60 किलोमीटर की बजाय 30 किलोमीटर का सफर तय कर रिठौराकलां एवं मालनपुर एक घंटे में पहुंच जाते है। 30 किलोमीटर की परिधि में आने वाले गांव के लोग भी इस सड़क के बन जाने से बहुत खुश हैं। रिठौराकला के



दयाराम रजक ने बताया कि सड़क विकास की केन्द्र बिंदु है, जहां सड़कें अच्छी होंगी, वहां के विकास की रतार भी तेज हो जाती है। इसके साथ ही जो लोग शनिमंदिर, पढ़ावली, मितावली, ककनमठ एवं या अन्य पुरा संपदाओं का भ्रमण करने के लिये पहुंचते थे, उन्हें भी आसानी से पर्यटन देखने के लिये सुविधा होने लगी है। अब लोग टेकरी, रिठौराकलां मार्ग पर अपने वाहनों से फर्राटा भरकर चन्द्र मिनिटों में पहुंच रहें है।

# बच्चे रहेंगे स्वस्थ, तभी कर पाएंगे बेहतर अध्यापन: डिप्टी कलेक्टर शिवाँगी अग्रवाल

## डिप्टी कलेक्टर की अनूठी पहल- कुर्सी पाकर बच्चों के खिल उठे चेहरे




**अनिल कुशवाह ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**शिवपुरी-** शासन की योजना के तहत आँगनबाड़ी को गोद लेने हेतु निर्देश प्राप्त हुए है। इस क्रम में जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केंद्र शिवपुरी द्वारा आँगनबाडी बांसखेड़ी सीर को गोद लिया तथा छात्र हित को दृष्टिगत रखते हुए आँगनबाड़ी की रंगाई पुताई की गई तथा विभिन्न प्रकार की थ्रीडी चार्ट दीवालों पर इंगित किए गए।

उम्र के आधार पर बच्चों का बजन कितना हो इस हेतु आँगनबाडी को बजन तोलने की मशीन प्रदाय की गई। बच्चे खेल-खेल में किस तरह सीखे इस कारण से संस्था में समस्त प्रकार की खेल सामग्री प्रदान की गई, जिसमे क्रिकेट की समस्त सामग्री, फुटबॉल, टेनिस बोल, प्लास्टिक बोल प्रदाय किए गए। बच्चों के अध्यापन को दृष्टिगत रखते हुए सभी बच्चों को स्लेट, कॉपियाँ, पेंसिल, कलर पेन, मार्कर, रवर एवं कटर, बत्ती पेकेट प्रदाय किए गए। बच्चों के साथ डिप्टी कलेक्टर स्वयं आँगनबाड़ी पर उपस्थित हुई और बच्चों के साथ बैठकर शिक्षा के संबंध मे रोचक कहाँनियों में खेल-खेल के माध्यम से अध्यापन कार्य कराया। बच्चों को गर्मी न लगे इस हेतु आँगनबाड़ी को पंखा दिया गया, सभी बच्चों को मेगी पेकेट एवं बिस्किट पेकेट का वितरण किया गया। चर्चा उपरांत पाया गया कि कुछ बच्चे उम्र के आधार कम बजन की श्रेणी पाए गए उन सभी बच्चों को संतुलित पोषण आहार प्रदाय किया जाएगा। आँगनबाड़ी में 3 से 6 वर्ष के कुल 38 बच्चे दर्ज है जिसमे 16 बालक एवं 22 बालिकाये है तथा 0 से 6 माह के 7 बच्चे दर्ज है, जिसमे 3 बालक एवं 4 बालिकाये दर्ज है, इसके साथ-साथ जिला परियोजना समन्वयक द्वारा बांसखेड़ी प्राथमिक शाला का निरीक्षण किया गया निरीक्षण दौरान सभी कक्षाओ का अध्ययन कार्य देखा एवं सभी बच्चों को पेंसिल, स्लेट, बत्ती कॉपी का वितरण किया गया।

साथ ही सभी बच्चों को मेगी एवं बिस्किट का वितरण किया गया, पूर्व मे भी डिप्टी कलेक्टर द्वारा पुस्तकालय को सुधारने का वीड़ा उठाया था एवं सभी के सहयोग से उनके मार्गदर्शन से पुस्तकालय मे आज 721 नवीन पुस्तके दी गई जो अपने आप मे एक मिशाल है जिससे की शिवपुरी के सेकड़ों छात्र लाभान्वित हो रहे है जो विभिन्न परीक्षाओ मे शिवपुरी जिले का नाम रोशन करेंगे। शिवपुरी विकासखंड मे सभी संस्थाओ पर शिक्षकों के सहयोग से अंकुर अभियान मे रिकॉर्ड कायम किया। इसी श्रंखला में डिप्टी कलेक्टर द्वारा शा प्रावि बांसखेड़ी में 10000 वां पोधा रोपित किया गया। जनपद शिक्षा केंद्र शिवपुरी विभिन्न आयामों में शानदार प्रदर्शन कर रहा है, इस हेतु डिप्टी कलेक्टर द्वारा बीआरसीसी अंगद सिंह तोमर एवं उनकी टीम को बधाई दी।

## अरविंद केजरीवाल के घर पर हुए हमले को लेकर आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**अनिल कुशवाह ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**शिवपुरी-** खबर जिला मुख्यालय कलेक्ट्रेट परिसर से है जहां आज आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री श्री अरविन्द केजरीवाल आम आदमी पार्टी दिल्ली मुख्यमंत्री जी के घर में बीजेपी के कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए हमले के संदर्भ में बीजेपी



कार्यकर्ताओं पर कड़ी कार्यवाही की जाए इसका निवेदन आम आदमी पार्टी जिला शिवपुरी के कार्यकर्ता आपसे करते हैं। मिली जानकारी के अनुसार अभी हाल ही में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के घर पर कुछ लोगों के द्वारा अरविंद केजरीवाल के घर पर लगे सीसीटीवी कैमरे और अन्य सामान के साथ तोड़फोड़ का मामला सामने आया था जिस के संदर्भ में आज शिवपुरी जिले के आम आदमी पार्टी जिला अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह रावत के साथ आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम का ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा और ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि राष्ट्रीय आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक घर पर हुई इस बदसलूकी के मामले को जल्द से जल्द संज्ञान में लेकर तुरंत कार्यवाही करने की मांग जिला अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह रावत और आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा की गई ज्ञापन में मौजूद आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष वीरेंद्र रावत ,सतीश खटीक, उमा उपाध्याय, रंजीता देशपांडे, जितेंद्र जैन और अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नवोदय पनघटा में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में सभी अभिभावक व छात्र सहभागिता करें- प्राचार्य आर.कृष्णा



**अनिल कुशवाह ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**शिवपुरी-** सीबीएसई टर्म सेकंड परीक्षा 2022 के संबंध में 1 अप्रैल को प्रातः 11 बजे से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा संबोधित किए जाने वाले परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम के लिए स्थानीय जवाहर नवोदय विद्यालय संगठन पनघटा नरवर में तैयारियां की जा चुकी है। जिसके अंतर्गत विद्यालय में फ्लेक्स बैनर लगाए गए हैं। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण बहुउद्देशीय भवन एवं स्मार्टलैब में किया जाएगा। प्राचार्य श्री कृष्णा ने समस्त अभिभावकों से अपील की है कि कल 1 अप्रैल को निर्धारित समय 11 बजे से पूर्व संस्था पर उपस्थित होकर परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में सहभागी हो। उन्होंने बताया कि समस्त अभिभावकों, भूतपूर्व विद्यार्थियों तथा स्थानीय निवासियों को फोन तथा व्हाट्सएप द्वारा उक्त कार्यक्रम की सूचना प्रदान कर कार्यक्रम में सहभागिता हेतु आग्रह किया गया है।

## पांचवी और आठवीं की वार्षिक परीक्षा 01 से 11 अप्रैल तक

**पुष्पांजली टुडे**


**शिवपुरी-**शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत मध्य प्रदेश की शासकीय शालाओं में कक्षा पांच एवं आठ का वार्षिक मूल्यांकन राज्य स्तर से आयोजित किया जा रहा है। यह मूल्यांकन वार्षिक परीक्षा के रूप में 1 से 11 अप्रैल 2022 तक आयोजित किया जाएगा । यह बोर्ड परीक्षा नहीं होगी, किंतु इसे कक्षा पांचवी और आठवीं की राज्य स्तरीय वार्षिक परीक्षा कहा जाएगा। कक्षा पांच एवं आठ की वार्षिक परीक्षा जिला शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व में संपादित कराई जा रही है और जिले के संकुल केंद्रों पर इसका प्रशासनिक उत्तरदायित्व संकुल प्राचार्य को सौंपा गया है। यह निर्देश अशासकीय शालाओं में अध्यनरत कक्षा 5 वी 8वी के विद्यार्थियों के लिए भी लागू होंगे द्य वार्षिक परीक्षा एवं पुनः परीक्षा का आयोजन करने की पूरी व्यवस्था अशासकीय विद्यालय की प्रबंधन समिति की होगी।?अशासकीय विद्यालयों द्वारा पांचवी आठवीं की वार्षिक परीक्षा उपरांत रिजल्ट शीट का अनुमोदन संकुल केंद्र प्राचार्य एवं ब्लॉक शिक्षा अधिकारी द्वारा सत्यापन के उपरांत 22 अप्रैल को परीक्षा फल घोषित किया जाएगा।

## सांसद डॉ केपी यादव ने पीएम मोदी से मिलकर रखी क्षेत्र के विकास की मांग।

### शिवपुरी-शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई, रोजगार व परिवहन के क्षेत्र में विकास की मांग की।

**अनिल कुशवाह ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**शिवपुरी।** गुना-शिवपुरी-अशोकनगर संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉक्टर के पी यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार भेंट कर संसदीय क्षेत्र के विकास की मांग रखी 7 सांसद डॉक्टर के पी यादव ने प्रधानमंत्री मोदी से कहा कि, क्षेत्र में मूलभूत विकास की आवश्यकता है और अनेक सुविधाओं का भी अभाव है 7 लोकसभा चुनाव में क्षेत्रीय नागरिकों ने विकास पर वोट दिया था, मैंने निर्वाचन के बाद अनेक सुविधाओं की मांग केंद्र सरकार से की जिनमें कई पर स्वीकृति मिली लेकिन उनका धरातल पर क्रियान्वयन नहीं हो सका 7 उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी से कहा कि क्षेत्र की जनता की तरफ से मैं आपको आमंत्रित करता हूं एक बार आप क्षेत्र में पधारें व क्षेत्र में विकास का संचार करें 7 प्रधानमंत्री मोदी से मांग करते हुए सांसद डॉक्टर के पी यादव ने संसदीय क्षेत्र में प्रस्तावित चंदेरी-पिपरई- ललितपुर रेल मार्ग, केंद्रीय विश्वविद्यालय, फूड पार्क, ड्रायपोर्ट, राजघाट बांध का लोकार्पण, अशोकनगर में मेडिकल कॉलेज, माधव नेशनल पार्क में शीघ्र टाइगर सफारी की शुरुआत, गुना हवाई अड्डे को उड़ान



योजना के तहत शामिल किए जाए, देहरदा चौराहा से बंगला चौराहा रोड को एनएच 3 और एनएच 346 से जोड़ने एवं सोनेरा-खामखेडा सिंचाई परियोजना की स्वीकृति संबंधी मांगे रखी है7 जिन पर उचित कार्यवाही का प्रधानमंत्री मोदी ने आश्वासन दिया है ।

## अतिक्रमण मुक्त कराई भूमि पर फसल जप्त कर प्रशासन ने कराई कटाई

**अनिल कुशवाह ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**शिवपुरी-** कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह के निर्देशानुसार जिले में अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया जा रहा है। करैरा तहसीलदार द्वारा टीम के साथ करेरा के ग्राम श्योपुरा में 20 बीघा जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया गया और जमीन पर खड़ी फसल को जप्त कर कटाई कराई गई है।



तहसीलदार करेरा दिनेश चौरसिया ने बताया कि अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध लगातार अभियान जारी है। अभी टीम द्वारा फसल जप्त कर कटाई कराई गई है। इसके लिए दल गठित किया गया। टीम में नायब तहसीलदार राजेंद्र जाटव, आर.आई.श्रीमती प्रीति रावत, पटवारी श्री मोहन मेवाफरोस, पटवारी श्री संतोष, पटवारी श्री माधौसिंह राजे, पटवारी संतोष सुमन शामिल रहे। उल्लेखनीय है कि ग्राम श्योपुरा स्थित शासकीय सर्वे नंबर 426 रकवा 5.25 में से रकवा 2.00 हेक्टयर पर सीताराम, रतीराम, छोटेलाल पुत्रगण दीनानाथ कुशवाह निवासी श्योपुरा द्वारा अतिक्रमण किया गया था। सर्वे नम्बर 428 रकवा 12.71 हेक्टेयर में से रकवा 2.20 हेक्टेयर पर रामनाथ पुत्र गनेशा, माताचरण पुत्र रामनाथ खंगार निवासी श्योपुरा द्वारा गेहूं की फसल बोकर अवैध कब्जा किया गया था। जिसे प्रशासन द्वारा अतिक्रमण मुक्त कराया गया है

## यातायात दिवस के अवसर पर निकाली गई हेलमेट जागरूकता रैली

### कभी ना पहुंचे इससे अच्छा है थोड़ा लेट पहुंचे -कलेक्टर

**अनिल कुशवाह ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**शिवपुरी-**खबर शिवपुरी के हृदय स्थल माधव चौक चौराहे से है जहां दिनांक 31 मार्च 2022 को यातायात दिवस के रूप में मनाया गया जिसके चलते विभिन्न कार्यक्रम किए गए सुबह 10ः30 बजे शहर के हृदय स्थल माधव चौक से पुलिस हेलमेट रैली निकाली। जिसे हरी झंडी शिवपुरी कलेक्टर अक्षय सिंह और पुलिस अधीक्षक महोदय राजेश सिंह चंदेल द्वारा दी गई। पुलिस विभाग द्वारा हेलमेट रैली का जो आयोजन किया गया उस रैली को माधव चौक से कोट रोड अस्पताल चौराहा, राजेश्वरी रोड, झांसी




तिराहा, फतेहपुर रोड, रातोर रोड से होते हुए पिपरसमा चौराहे पर समाप्त की जिसके उपरांत पिपरसमा चौराहा जो कि ब्लैक स्पॉट है पेपर से चौराहे पर शिवपुरी जिले के कलेक्टर अक्षत सिंह और शिवपुरी एसपी राजेश सिंह चंदेल द्वारा उन लोगों को यातायात के नियमों का पालन करने और हेलमेट लगाकर बाइक चलाने का आग्रह किया और बताया कि हेलमेट लगाकर मोटरसाइकिल यह आपने कोई भी दो पहिया



वाहन चलाएं और अपने जीवन को सुरक्षित रखें ऐसा संदेश जिला कलेक्टर अक्षय सिंह द्वारा लोगों को दिया गया वहां पर लोगों को यातायात नियमों के बारे में जानकारी दी गई एवं हेलमेट वितरण किए गये उसके बाद पिपरसामा मंडी में ट्रैक्टर ट्रॉली पर रेडियम टेप चिपकाए गए उसके बाद स्कूल,कोचिंग में जाकर यातायात नियमों की जानकारी एवं समझाइश दी गई एवं शिक्षा का प्रचार प्रसार किया गया।

# राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज देहरादून के लिए प्रवेश परीक्षा 04 जून को

**अनिल कुशवाह ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**शिवपुरी-** राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज देहरादून के लिए प्रवेश परीक्षा 04 जून को आयोजित की जाएगी। सैन्य कॉलेज दैहरादून में आठवी कक्षा में प्रवेश पाने के लिए छात्र-छात्राएं आवेदन कर सकते है। आवेदन पत्र 25 अप्रैल तक अथवा उसके पूर्व उस आवेदन पत्र दो प्रतियों में भरकर मध्यप्रदेश राज्य के लिए प्रगत शैक्षिक अध्ययन संस्थान भोपाल पीजीबीटी कैम्पस बैरसिया रोड़ भोपाल के पास पहुँच जाने चाहिए। राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज देहरादून एवं राज्य शिक्षा केन्द्र को आवेदन पत्र न भेजे।

राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के संचालक धनराजू एस ने बताया कि राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज देहरादून में जनवरी 2023 सत्र में प्रवेश के लिए उम्मीदवार को प्रवेश के समय अर्थात 1 जनवरी 2023 को किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय से सातवीं कक्षा में अध्ययनरत या सातवीं कक्षा पास किया होना जरूरी है। 4 जून को आयोजित होने वाली लिखित परीक्षा में गणित (प्रातः 09.30-11 बजे तक), सामान्य ज्ञान (दोपहर 12-01 बजे तक) और अंग्रेजी (दोपहर 2.30- 4.30 बजे तक) होगी। मौखिक परीक्षा की तारीख बाद में बताई जाएगी। मौखिक परीक्षा में परीक्षार्थी के बौद्धिक ज्ञान तथा व्यक्तित्व (पर्सनालिटी) का परीक्षण किया जायेगा। मौखिक परीक्षा केवल उन्हीं उम्मीदवारों की होगा जो लिखित परीक्षा में पास होगे। इस परीक्षा और साक्षात्कार के स्थान और समय की सूचना उम्मीदवारों को सितंबर 2022 के पहले सप्ताह में राज्य शिक्षा विभाग द्वारा सूचित किया जायेगा। मौखिक परीक्षा में सफल उम्मीदवारों को चुने हुए सैनिक अस्पतालों में स्वास्थ्य परीक्षण करवाना होगा। जिन उम्मीदवारों का स्वास्थ्य ठीक पाया जाएगा केवल उन्हीं को राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज में प्रवेश के लिए चुने जाने पर विचार किया जाएगा। उम्मीदवारों का स्वास्थ्य परीक्षण चयन प्रणाली का एक अंग है इसका अर्थ यह नहीं लगाना चाहिए कि उम्मीदवार को अंतिम रूप से चुन लिया गया है। उम्मीदवार को तब तक अंतिम रूप से चुन लिया गया नहीं समझना चाहिए, जब तक इस संबंध में प्रवेशाधिकार निर्देश जारी नहीं हो जाते है और उन्हें राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज, देहरादून में दाखिले के लिए चुने जाने की सूचना नहीं मिल जाती है।

केन्द्र सरकार के कर्मचारियों के बच्चे लिखित परीक्षा एवं मौखिक परीक्षा, सम्बंधित कर्मचारी की पोस्टिंग या मूल अधिवास राज्य में दे सकते है। उनके अधिवास राज्य का निर्धारण उनके मूल अधिवास राज्य के अनुसार होगा एवं उनकी उम्मीदवारी भी उनके मूल अधिवास राज्य के अनुरूप होगी। आवेदन पत्र उसी राज्य में जमा करना अनिवार्य है, जहां से उम्मीदवार परीक्षा देना चाहता है। मौखिक परीक्षा केवल उन्हीं उम्मीदवारों की होगी जो लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण होंगे। इन उम्मीदवारों की सूची सभी राज्य सरकारों को राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज के द्वारा भेजी जाएगी। परीक्षा परिणाम आर.आई.एम.सी. की वेबसाइट 222.ह्मद्बद्व.द्दश1.द्बठ्ठ में अपडेट होता है, जिसकी जांच करने की जिम्मेदारी उम्मीदवार की होगी। परीक्षा का केन्द्र म.प्र.राज्य के लिए प्रगत शैक्षिक अध्ययन संस्थान भोपाल (पूर्व में शासकीय शिक्षा महाविद्यालय) पी.जी.बी.टी कैम्पस बैरसिया रोड भोपाल पिन-462038 (फोन नं. 0755-2735228) होगा।

शुल्क-वार्षिक शुल्क सामान्य जाति के उम्मीदवारो के लिए 107600 रूपए एवं अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति श्रेणी के उम्मीदवार के लिए 83000 रूपए है जो की समय-समय पर बढ़ सकती है। प्रवेश के समय जमानत के रूप में 30000 रूपये जमा करने होंगे। यह राशि कॉलेज की पढ़ाई पूरी होने के बाद वापस की जाती है। आवेदन पत्र और विवरण पत्रिका एवं पुराने प्रश्न पत्र राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज, गढ़ी कैन्ट देहरादून से प्राप्त कर सकते हैं।

ऑनलाईन भुगतान के लिए आवेदन पत्र और विवरण पत्रिका एवं पुराने प्रश्न पत्र के एक सेट के लिए सामान्य जाति के उम्मीदवार 500 रूपए एवं अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति श्रेणी के उम्मीदवार 555 रुपए, आरआईएमसी की वेबसाइट 222.ह्मद्बद्व.द्दश1.द्बठ्ठ से ऑनलाईन भुगतान करके भी प्राप्त कर सकते है। भुगतान प्राप्त होने के बाद, आवेदन पत्र और विवरण पत्रिका एवं पुराने प्रश्न पत्र स्पीड पोस्ट से भेजे जायेंगे। अथवा डिमांड ड्राफ्ट के द्वारा के लिए सामान्य जाति के उम्मीदवार रू. 600 रुपए एवं अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति श्रेणी के उम्मीदवार 555 रुपए का बैंक ड्राफ्ट कमांडेंट, राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज, देहरादून के नाम से भुगतान करके प्राप्त किया जा सकता है। अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति श्रेणी के उम्मीदवार के लिए जाति प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति भेजना अनिवार्य है। आवेदन पत्र सीड पोस्ट से भेजा जायेगा। आवेदक अपना पत्र व्यवहार का पूरा पता अंकित/हस्तलिखित रूप से अंग्रेजी में, पोस्टल पिन कोड तथा फोन नंबर के साथ लिख कर भेजें। अपठनीय, अपूर्ण पता तथा डाक विलंब/ नुकसान का उत्तरदायी राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज, देहरादून नहीं होगा। केवल राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज से प्राप्त आवेदन पत्र ही मान्य होगे बाजार में मिलने वाले या फोटोकॉपी किए गए तथा ना होलोग्राम (मुडर) के आवेदन पत्रों की मान्यता नहीं होगी। आवेदन शुल्क की वापसी किसी भी दशा में नहीं होगी।आवेदन पत्र दो प्रतियों में जिन दस्तावेजों के साथ जमा होगा। उनमें जन्म प्रमाण-पत्र (नगर निगम, ग्राम पंचायत से), मूल-निवासी प्रमाण-पत्र, अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति का प्रमाण-पत्र, प्रधानाचार्य द्वारा प्रमाणित वर्तमान कक्षा में अध्ययनरत का मूल रूप में फोटो सत्यापित किया हुआ प्रमाण पत्र, आवेदन पत्र के साथ उम्मीदवार का आधार कार्ड जमा करना अनिवार्य है और जमा न कर पाने पर उम्मीदवार का आवेदन पत्र रद्द कर दिया जायेगा। दो पासपोर्ट आकार की फोटो भी अनिवार्य है।

# पूर्व में संचालित एवं लंबित नई रेलगाड़ियां शीघ्र शुरू की जाएंगी: सिंधिया

## भिण्ड में रेल यातायात के सुद्रणीकरण की मांगों को लेकर केंद्रीय मंत्री से मिले डॉ रमेश दुबे, रखी भिण्ड की बात



**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो हेड दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**नई दिल्ली ।** भिण्ड जिले में रेल यातायात को और अधिक सुद्रण करने एवं प्रस्तावित नवीन एवं पूर्व से संचालित ट्रेनों को पुनः शुरू कराए जाने सहित अन्य मांगों को लेकर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ रमेश दुबे ने केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया से उनके नई दिल्ली स्थित नागर विमानन मंत्रालय में भेंट कर उन्हें मांग पत्र सौंपा।

मांगपत्र के माध्यम से डॉ रमेश दुबे ने केंद्रीय मंत्री सिंधिया से मांग की कि कोटा एक्सप्रेस को पुनः संचालित किया जाए एवं सीनियर सिटीजन्स को कंसेशन जोकि कोरोनाकाल में बंद कर दिया गया था उसे पुनः बहाल किया जाए ताकि वरिष्ठ नागरिकों को राहत दी जा सके। डॉ दुबे ने केंद्रीय मंत्री से कहा कि सुशासन एक्सप्रेस, ओखा-गोरखपुर एक्सप्रेस, सूरत-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस, साबरमती एक्सप्रेस एवं ग्वालियर-बरौनी मेल को वाया भिण्ड शुरू किया जाए ताकि भिण्ड में भी रेल यातायात के क्षेत्र में समग्र विकास हो सके। डॉ दुबे ने मांग पत्र के माध्यम से मांग रखी कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व.अटल बिहारी वाजपेयी के सपनों की रेलवे लाइन ग्वालियर से भिण्ड, उदी, बटेश्वर, आगरा के लिए सर्कुलर ट्रेन चलाई जाए एवं सुबह 11 बजे से लेकर सांय 06 बजे तक ग्वालियर के लिए कोई ट्रेन नहीं है,इस समय अंतराल में कम से कम दो ट्रेनें संचालित की जाएं एवं रतलाम-भिण्ड इंटरसिटी एक्सप्रेस जिसका संचालन सप्ताह में तीन बार है जिसे नियमित किया जाए एवं उक्त ट्रेन को कानपुर तक विस्तारित किया जाए।

डॉ दुबे ने अन्य मांगे रखते हुए भोपाल से वाया झाँसी, ग्वालियर, भिण्ड, इटावा,टूण्डला, अलीगढ़, गाजियाबाद होते हुए दिल्ली के लिए ट्रेन शुरू कराने की मांग की ताकि भिण्ड भिण्ड की कनेक्टविटी देश व प्रदेश की राजधानी से सीधे तौर पर हो साथ ही मांग रखी कि झांसी-इटावा लिंक एक्सप्रेस का स्टोपेज शनिश्चरा,गोहद, फूफ,उदी एवं जैन तीर्थ स्थल सोनागिरि भी किया जाए ताकि जिले के जैन समाज के श्रद्धालुओं को सहूलियत हो एवं उक्त ट्रेन को आगे कानपुर लखनऊ तक बढ़ाया जाए। भाजपा नेता डॉ दुबे की मांगों पर गौर फरमाते हुए केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि इस विषय को लेकर वो जल्द ही प्रयास करेंगे और प्रस्तावित नवीन रेलगाड़ियों एवं पूर्व में संचालित ट्रेनों को पुनः शुरू कराया जाएगा, भिण्ड में रेल यातायात का स्वर्णिम युग आने वाला है इसके लिए ठोस आधारशिला रखी जायेगी। इस अवसर पर शिवप्रताप सिंह, राहुल भारद्वाज, रोहित भारद्वाज, कौशल किशोर उपस्थित रहे।

## जतारा विधानसभा में कांग्रेस नेत्री किरण अहिरवार ने ताली थाली बजाकर किया महंगाई का विरोध



**अजय खंगार ब्यूरो पुष्पाजंली टुडे**

**टीकमगढ़।** जिले के विधानसभा जतारा मे कांग्रेस पार्टी द्वारा बढ़ती महंगाई को देखते हुए आज महंगाई पर ताली और थाली बजाकर विरोध दर्ज कराया है। यह विरोध प्रदर्शन जतारा विधानसभा में किया गया इस दौरान कांग्रेसी नेत्री किरण अग्रवाल द्वारा गैस सिलेंडर व पेट्रोल पर माला चढ़ाकर प्रदेशव्यापी महंगाई मुक्त भारत अभियान की शुरुआत विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं युवा नेता भी शामिल हुए कांग्रेस पार्टी जिला अध्यक्ष महेश यादव जिला पंचायत उपाध्यक्ष दिग्विजय सिंह अम्बू राजा, सचिन जैन सहित कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने महंगाई का विरोध प्रदर्शन किया। बहुत हुई महंगाई की मार, चलों बदलें बीजेपी सरकार इन नारों के साथ इस अभियान की शुरुआत की गई आगामी समय में अन्य कार्यक्रमों से महंगाई का विरोध किया जाएगा।

## नप ने लगाया सुशासन शिविर,64 आवेदन हुए प्राप्त



**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**दबोह**–नगर परिषद दबोह ने नगर के हायर सेकेंडरी स्कूल के ग्राउंड में सुशासन दिवस पर शिविर लगाया।इस सुशासन शिविर में मुख्य रूप से लहार एसडीएम के वी विवेक मौजूद रहे।शासकीय हायर सेकेंडरी ग्राउंड में लगाए गए इस शिविर में नगर परिषद द्वारा सभी विभागों के अलग अलग स्टॉल लगाए गए।जिसमे भवन निर्माण(मजदूरी कार्ड),पीएम स्वराज निधि,पीएम आवास योजना,पेंशन ,नामांतरण, जलकर विभाग, वीपीएल खाद्यान, स्वराज शाखा आदि के स्टॉल लगातार हितग्राहियों के आवेदन लिए और उनकी सुनवाई की गई।इस दौरान नगर परिषद ने कुल 64 आवेदन प्राप्त किए।जिसमे भवन निर्माण(मजदूरी कार्ड)के 17,पीएम स्वनिधि के 02,पीएम आवास योजना के 39,पेंशन के 05 व नामांतरण का 01 आवेदन प्राप्त हुआ।यहां बता दें कि मप्र सरकार द्वारा हितग्राहियों को कैम्प लगाकर लाभ देने की योजना चलाई जा रही है जिसके चलते सुशासन शिविर का आयोजन दबोह में भी किया गया।इस सुशासन शिविर में एसडीएम के वी विवेक के साथ मुख्य नगर पालिका अधिकारी दबोह बाबू लाल कुशवाह,स्व्च्छता नोडल अधिकारी प्रभारी एन आर खेंगर,उपयंत्री हरिप्रताप,अरुण तिवारी,धर्मेंद्र कुशवाह,रामकिशोर मिश्रा के साथ समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## महासचिव बाबूलाल मुलेवा बने, कोयम्बटूर क्रिकेट टीम के स्पॉन्सर

**पुष्पाजंली टुडे**

**कोयम्बटूर**– सीरवी समाज संस्थान के महासचिव बाबूलाल मुळेवा ने कोयम्बटूर सीरवी समाज की क्रिकेट टीम के लिए स्पॉन्सर के रूप में टीम खिलाड़ियों को जर्सी प्रदान की जिसकी राशी 6 हजार रुपये, साथ मे कोयम्बटूर से चेन्नई आने जाने रेलगाड़ी के टिकट की व्यवस्था 11400/ रुपये,और चेन्नई में हो रही श्री आईजी क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित कार्यक्रम के लिए कोयम्बटूर टीम की एन्ट्री फीस 5100 भी दी गई। जो कुल राशि 22500 रुपये बने।कोयम्बटूर सीरवी समाज के सभी सामाजी बन्दुओं की ओर से महासचिव बाबूलाल मुळेवा प्रतिष्ठान श्री सरस्वती फाइनेंस श्री सरस्वती सिल्क्स सुंदरापुरम मूलनिवासी कुशालपुरा को बहुत बहुत धन्यवाद दिया । इन्होने खेल को देखते हुए युवाओं को मौका वह स्पॉन्सर किया वास्तव में काबिले तारीफ है। महासचिव बाबूलाल मुळेवा ने कहा कि कोयम्बटूर में खेलों के मामलों में बहुत ही युवाओं में निखार आया है,आने वाले समय मे सभी युवाओं में खेल के प्रति जोश,जुनून, उमंग,हौशला अफजाई हो। संस्थान में खेलो को बढ़ावा देना हम सभी सामाजी बन्दुओं का कर्तव्य व दायित्व बनता है,ताकि खेलो से युवाओं में जान पहिचान,सम्पर्क,जुड़ाव हो।इससे युवाओं को नई ऊर्जा,आपसी तालमेल वह आपसी घनिष्ठता बनने जैसा माहौल पैदा होगा। जर्सी विमोचन के समय संस्थान के अध्यक्ष अमराराम बर्फा,खेल प्रमुख उम्मेदराम बर्फा, कानाराम काग वह चेत बन्दे पत्रिका के सह सम्पादक,व्यवस्थापक दुर्गाराम पंवार,टीम खिलाड़ी प्रकाश मौजूद रहे।अध्यक्ष अमराराम जी बर्फा ने महासचिव बाबूलाल मुळेवा को क्रिकेट टीम स्पॉन्सर बनने और सहयोग के लिए बहुत बहुत धन्यवाद व आभार प्रकट जताया कि भविष्य में भी आपका सहयोग अपेक्षित रहेगा।




# भामाशाह सम्मान समारोह में भामाशाह को किया सम्मानित




**जितेंद्र सिंह ब्यूरो चीफ पुष्पांजली टुडे**

**राजस्थान ।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय khatupura के प्रांगण में भामाशाह सम्मान समारोह आयोजित किया गया सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि दीपक शुक्ला सीबीईओ सवाई माधोपुर थे अध्यक्षता स्थानीय ग्राम पंचायत के सरपंच शाहिद अली द्वारा की गई। विशिष्ट अतिथि के रूप में रामप्रसाद शर्मा अतिरिक्त सीबीओ सवाई माधोपुर थे। अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा विद्यालय के भामाशाह को माला पहनाकर एवं साफा बंधा कर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों की सराहना करते हुए विद्यालय का अच्छा परीक्षा परिणाम एवं विभागीय मानदंडों को समय पर पूरा करने वाला विद्यालय बताते हुए ग्राम वासियों से सदैव विद्यालय विकास के लिए आगे आने का आह्वान किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवचरण मीणा विद्यालय की गतिविधियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। विद्यालय के शारीरिक शिक्षक भागचंद सैनी ने बताया कि इस अवसर पर विद्यालय के श्री ओम प्रकाश मीणा व्याख्याता, इकबाल हुसैन विनीता राजावत संतरा मीणा राजेंद्र गर्ग अनीता शर्मा हर्षी लाल जैन भागचंद सैनी शारीरिक शिक्षक मंजू लता मीणा धर्मराज मीणा सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।सरपंच शाहिद अली द्वारा विद्यालय को एक वाटर कूलर भेंट करने की घोषणा की गई।



## गुरुकुल स्कूल ऑफ स्ट्डी%% के संचालक श्री धीरज गुप्ता का सम्मान शॉल व सम्मान-पत्र भेंट कर गजेन्द्र सिंह चौहान किया।

**पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर**-गिर्द विकास युवा मण्डल ग्वालियर के संचालक गजेन्द्र सिंह चौहान द्वारा नरवर में %%गुरुकुल स्कूल ऑफ स्ट्डी%% के संचालक श्री धीरज गुप्ता जी का सम्मान शॉल व सम्मान-पत्र भेंट कर किया गया, श्री गुप्ता द्वारा लिखी गयी पुस्तक *इतिहास, विरासत और प्रकृति का संगम नरवर* का विमोचन हाल ही में दिनांक 27/03/2022 को हुआ है, इस पुस्तक में श्री गुप्ता द्वारा नरवर की ऐतिहासिक, धार्मिक और खूबसूरती का वर्णन किया है, और बताया है कि नरवर कितना खूबसूरत पर्यटक स्थल है।

# मुरैना एसपी आशुतौष बागरी ने 1 महीने में तोडा छह महीने का रिकॉर्ड

## मुरैना पुलिस द्वारा समंस,जमानती,गिरफ्तारी वारंट,स्थाई वारंट कराए गए तामिल शराब अफीम अपराधो की रोकथाम हेतु प्रतिबंधात्मक कार्यवाही जारी




**..केशब पंडित जी पुष्पॉजली ब्यूरो चम्बल..**

**मुरैना...** पुलिस अधीक्षक मुरैना आशुतोष बागरी के निर्देशन में जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु लगातार अवैध शराब माफियाओं, जुऑ/सट्टा चलाने वालों, गुण्डा-बदमाशो आदि पर कार्यवाही जारी है, साथ ही अवैध गतिविधिया संचालित करने वालो पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही भी अभियान स्तर पर की जा रही है।

**वारंट तामिलीः** मध्य प्रदेश शासन के आदेशानुसार स्थाई वारंटीयों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के पालन में पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के तहत मुरैना पुलिस द्वारा जिले के थाना क्षेत्रो में विभिन्न अपराधो के वारंटीयो पर सख्ती बरतते हुए छह महीने के बराबर एक महीने के कार्यकाल में संमस बारंट व जमानती व गिरफ्तारी व स्थाई बारंट तामील कराए गए।

**प्रतिबंधात्मक कार्यवाहीः** मुरैना शहर के सभी थाना क्षेत्र में मारपीट करने डराने धमकाने व आतंक फैलाने वाले गुंडा बदमाशों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुए प्रकरण दर्ज कर आरोपियों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किए गए।

**आबकारी अधिनियम तहत कारबाहीः** जिले के थाना अतंर्गत कारबाही माह 1जनवरी से 28 फरबरी तक पुलिस द्वारा 196 प्रकरण दर्ज किये थे और आबाकारी द्वारा 149 प्रकरण दर्ज किये थे पुलिस ने 206 अपराधी गिरफ्तार कर देशी व बिदेशी व हाथ भट्टी सहित 3851 लीटर शराब जप्त की जिसकी कीमत 1803,000 पुलिस द्वारा जप्ती बनाई गई और दो दोपहिया बाहन दो व चार पहिया बाहन 9 राजसात किये गये थाना दिमनी क्षेत्र में के उमरिया पुरा में एक अबैध हथियार बनाने की फैक्ट्री पकडी जिसमे दो अबैध कट्टा सहित राउन्ड भी पुलिस द्वारा पकडे गये एक आरोपी पकडा गया दो अन्य भागने मे सफल रहै

**अम्बाह व पोरसा थाना क्षेत्र मेंः** पोरसा थाना के ग्राम प्रेमपुरा में अबैध हथियार की फैक्ट्री सहित दो आरोपी गिरफ्तार किये जिसमे अबैध हथियार सहित भारी संख्या में अबैध हथियार की साम्रगी जप्त की अम्बाह थाना क्षेत्र में मुखबिर की सूचना द्वारा गॉव ककरारी मे अबैध अफीम की खेती पकडी गई जिसमे आरोपी को पकड कर अफीम जप्त कर कारबाही की गई

## कुमरौआ रोड काली पहाड़ी गांव में खेत में लगी आग 15 बीघा जलकर हुई खाक



**पुष्पांजली टुडे**

दिनारा क्षेत्र केग्राम काली पहाड़ी के एक किसान के खेत में आग लग गई तकरीबन 15 बीघा की फसल चलकर राख हो गई मौके पर पहुंचे करेरा के नायब तहसीलदार राजेश जाटव थनरा चौकी प्रभारी सतीश जयंत मौके पर पहुंच कर फायर ब्रिगेड को बुलाया जब तक फायर ब्रिगेड आई तब तक गांव के किसान इतनी भीषण आग पर काबू नहीं पा सके। और जलकर 15 बीघा जमीन की फसल नष्ट हो गई। मौके पर गिरीश यादव पुत्र रघुवीर यादव उम्र 45 साल हुआलाखों का नुकसान।

# इस बार गर्मी में 25 से 30त तक घटाएं अपना बिजली बिल जाने कुछ आसान टिप्सः अम्बाह डीई हितैष बिशिष्ट






डीई हितेश बशिष्ट जी से केशब पंडित जी की खास मुलाकात

**केशब प्रसाद शर्मा पुष्पांजली टुडे**

**अम्बाह ।** बिधुत उपमहा प्रबंधक हितैश बिशिष्ट ने खास मुलाकात में बताया कि गर्मियो मे अधिक बिल व बिजली कैसे बचाई जाये इस बारे मे कुछ टिप्स बताये श्री बिशिष्ट ने कहा कि आसान उपायों पर अमल करके आप अपना बिजली बिल 25 से 30 फीसदी तक कम कर सकते हैं. जिसे अपनाने से आपके बिजली का बिल 20 से 30 फीसदी तक कम हो सकता है.

अप्रैल का महीना शुरू होने बाला है और दिन का तापमान अब बढ़ने लगा है. आने वाले दिनों में गर्मी तेजी से बढ़ने का अनुमान है. गर्मी बढ़ने का सीधा मतलब है कि पंखे, एसी और फ्रिज जैसे ज्यादा बिजली खपत करने वाले उपकरणों का इस्तेमाल बढ़ जाएगा. आम तौर पर ठंड की तुलना में गर्मियों के मौसम में बिजली का बिल बढ़कर 2 से 3 गुना तक ज्यादा हो जाता है. गर्मियों में बिजली के बिल को लेकर ज्यादातर लोग परेशान रहते हैं. अगर आप इस बढ़े हुए बिजली के बिल को कुछ कम करना चाहते हैं, तो अभी से कुछ उपाय सोच सकते हैं, जिसे अपनाने से आपके बिजली का बिल 20 से 30 फीसदी तक कम हो सकता है... आप हमेशा मीटर से ही बिजली का उपयोग करे जिससे आपके ध्यान मे ज्यादा बिजली खपत की चिन्ता रहैगी बिजली बिल भी कम आयेगा और बिजली भी बचैगी गर्मियों में घर हो या दफ्तर एयर कंडीशनर चलाने में बिजली का खर्च सबसे ज्यादा होता है. अगर इसे सही तरीके से मैनेज कर लिया जाए तो अच्छी बचत हो सकती है.एसी चलाने से पहले उसकी सर्विसिंग जरूर करा लें और फिल्टर को अच्छे से साफ कर दें या बदलवा दें.अगर घर में 7 या 8 साल पुराना एसी है तो इसे बदल दें.इनवर्टर बेस्ड एसी बिजली का बिल बचाने के लिए कारगर उपाय है.BEE 5 स्टार रेटिंग वाले एसी का इस्तेमाल करें.ऑफ टाइमर का इस्तेमाल करें. इसे सुबह सो कर उठने के 1 घंटे पहले का समय सेट कर सकते हैं. एसी पर बचा सकते हैं 1500 रुपये- अगर आपने घर में 1.5 टन का एसी लगा रखा है और रोज औसतन 8 घंटे इसे चलाते हैं तो नॉर्मल एसी करीब 9 यूनिट से ज्यादा बिजली की खपत करता है. वहीं अगर 5 स्टार रेटिंग का एसी हो तो यह लगभग 7 यूनिट की खपत करेगा. यानी रोज 2 यूनिट बिजली की बचत. अगर आप 4 महीने रोज 8 घंटे एसी चलाते हैं तो 240 यूनिट की बचत होगी. अगर 6.25 रुपए प्रति यूनिट के ही हिसाब से इसे जोड़ा जाए तो 1500 रुपए सालाना बचत हो सकती है.

**लाइट जलाने का खर्च ऐसे करें आधाः** गर्मी शुरू होने से पहले घर के पुराने बल्ब और ट्यूब लाइट की जगह सीएफएल या LED लगा लें. 5 वॉट का LED 20 वॉट के सीएफएल के बराबर रोशनी देता है. इसी तरह से 18 वॉट के सीएफएल की रोशनी 40 वॉट के ट्यूबलाइट के बराबर हो सकती है. यानी इन उपायों से आपके लाइट जलाने का खर्च आधा हो सकता है.

**पंखा चलाइए लेकिन बचत के साथः** लाइट तो सिफ रात में जलाते हैं लेकिन गर्मियों में पूरे दिन पंखा चलाना पड़ता है. इससे बिजली के बिल पर बड़ा असर होता है. एक नॉर्मल पंखा 75 वॉट प्रति घंटे खपत करता है. अगर औसतन 8 घंटे रोज पंखा चलाएं तो एक पंखे का खर्च 1000 रुपये सालाना के करीब हो सकता है. अगर BEE-रेटेड पंखा इस्तेमाल करें तो यह खर्च 700 से 750 रुपये के बीच होगा. सुपर एफिसिएंट पंखा हो तो यह खर्च 500 रुपये के करीब होगा।

**सही फ्रिज रखें तो होगी इतनी बचतः** कुल बिजली के खपत का करीब 15 फीसदी अकेले फ्रिज में खपत होता है. यह ज्यादातर घरों में हर समय ऑन रहता है. आप अपने फ्रिज को पावर एफिसिएंट बना सकते हैं. सबसे पहले तो इसकी प्लेसिंग सही होनी चाहिए और दीवार और फ्रिज के बीच में 2 इंच का गैप रखें. एयर सर्कुलेशन की वजह से इसे फंक्शन के लिए कुछ कम पावर की जरूरत होती है।

### अगर फ्रिज बदलने की सोच रहे हैं तो BEE-रेटेड फ्रिज लें.

सालाना बचत- पुराना 260 लीटर का फ्रिज रोज करीब 3.5 यूनिट बिजली खपत कर सकता है, जबकि इसी साइज का BEE 5 स्टार रेटिंग वाले फ्रिज पर रोज 2 यूनिट बिजली की खपत होगी. यानी फ्रिज बदल कर हर साल 540 यूनिट बिजली की खपत कम की जा सकती है. यानी सालाना 3000 रुपये बचा सकते हैं.

### कूलर सही हो तो बच सकती है बिजली

इनवर्टर टेक्नोलॉजी पर आधारित अच्छी कंपनी का कूलर खरीदें. यह बाजार में सामान्य मिलने वाले कूलरों की तुलना में 50 फीसदी बिजली की कम खपत करेगा. जहां सामान्य 200 वॉट की मोटर वाले कूलर रोज 12 घंटे चलाया जाए तो महीने भर में करीब 100 यूनिट बिजली की खपत करता है. लेकिन अगर इसकी जगह आधुनिक तकनीक का कूलर इस्तेमाल हो तो मंथली करीब 60 यूनिट ही खपत होगा इन छोटी छोटी बातो पर हम ध्यान देगे तो बिजली बचेगी व बिल में बचत होगी इसे जरूर अपनाये।

## खौड बालिका विद्यालय मे भामाशाह पारख ने भेंट की खेल सामग्री

**पुष्पांजलि टुडे पाली राजस्थान**

**रानी।** खौड़ राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय मे भामाशाह नगीन पारख ने बालिकाओं के खेलकूद के काम आने वाली बीस हजार की खेल सामग्री भेंट की। व्याख्याता हरीश व्यास ने बताया कि विद्यालय की बालिकाओं द्वारा लगातार तीन वर्षो से राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन से प्रभावित होकर स्थानीय गांव के समाजसेवी किरणसिंह चौहान के की प्रेरणा से भामाशाह पारख ने विद्यालय मे खेलकूद के क्षेत्र में संसाधन की कमी को दूर करने के लिए खेल सामग्री उपलब्ध करवाई। विद्यालय परिवार द्वारा भामाशाह पारख का आभार जताया। वही व्याख्याता व्यास ने बताया कि बालिकाओं के खेलकूद के काम आने वाली सामग्री तीन कैरम बोर्ड, डार्ट बोर्ड,टेनिस बेट व बाल के तीन सेट,बास्केट बॉल, स्किपिंग रोप, वू डन तश्तरी,लूडो एन स्नेक गेम आदि सामग्री शामिल है।

# नलनाम नवसंवत्सर स्वागोत्सव आज से, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का होगा आयोजन





ग्वालियर । भारतीय संस्कृति एवं परम्परा को बड़ावा देने तथा देश की युवा पीड़ी को भारत की परम्पराओं से अवगत कराने व भारतीय संस्कारों को सिंचित करने के लिये नगर निगम ग्वालियर द्वारा प्रतिवर्ष हिन्दू नववर्ष नव सवंत्सर महोत्सव के रूप में मनाया जाता है, इसी क्रम में नगर निगम ग्वालियर द्वारा नलनाम नवसंवत्सर स्वागतोत्सव कार्यक्रम 1 व 2 अप्रेल 2022 को जलविहार के तैरते रंगमंच पर आकर्षक फव्वारों की शीतल फुहारों के बीच किया जाएगा। जिसमें आनंदनाम संवत्सर की विदाई और नलनाम नवसंवत्सर का स्वागतोत्सव का आयोजन सांस्कृतिक एवं पारंपरिक पद्धति से किया जाएगा।

नगर निगम आयुक्त किशोर कन्याल ने जानकारी देते हुए बताया कि देश की युवा पीड़ी को भारत देश के संस्कारों से परिपूर्ण करने के लिये देश में वर्षभर विभिन्न त्यौहार, सांस्कृतिक आयोजन होते रहते है इसी तारतम्य में हिन्दू नववर्ष का प्रारंभ गुड़ी पड़वा से होता है जिसका स्वागत महोत्सव एवं बीते वर्ष की विदाई के लिये नगर निगम ग्वालियर द्वारा प्रतिवर्ष भव्य महोत्सव का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में इस वर्ष नव सवंत्सर महोत्सव का आयोजन 1 व 2 अप्रेल 2022 को किया जा रहा है।

नगर निगम ग्वालियर द्वारा संस्कार भारती के संयोजन में आयोजित किए जा रहे नलनाम नवसंवत्सर के स्वागतोत्सव कार्यक्रम की पूर्व संध्या पर 1 अप्रेल 2022 को आनंदनाम संवत्सर की विदाई के सांस्कृति कार्यक्रमों के साथ दी जाएगी। इसके साथ ही 2 अप्रेल 2022 को प्रातः भगवान भुवन भास्कर की प्रथम किरण को अर्ध्य के साथ ही सांस्कृति कार्यक्रमों के साथ नलनाम नवसंवत्सर का स्वागत किया जाएगा।

### आनंदनाम सवंत्सर विदाई महोत्सव आज

1 अप्रेल 2022 की सायं को 7.00 बजे से आनंदनाम संवत्सर की विदाई समारोह का शुभारंभ सांय 7 बजे दीप प्रज्जवलन कर किया जावेगा, 7.04 बजे ध्येय गीत एवं स्वच्छता गीत अंकिता अनूप कैलसिया द्वारा, 7.10 बजे सुगम संगीत ग्वालियर म्युजिकल सोसायटी, 7.40 बजे कत्थक नयनिका घोष गुरुग्राम हरियाना, 08.20 बजे पखावज वादन जगतनारायण द्वारा, 8.40 बजे भरतनाट्टयम शिष्यवृन्द श्रीमती पदमजा पिल्लै, 9.00 बजे संगीत शाश्वत- श्रीरंग संगीत एवं कला संस्थान, 9.40 बजे देवी आव्हान अनूप अवस्थी द्वारा प्रस्तुत किया जायेगा।

### नलनाम नवसवंत्सर स्वागतोत्सव कार्यक्रम

नलनाम नवसवंत्सर स्वागत कार्यक्रम 02 अप्रेल 2022 को प्रातः 4.40 बजे संकीर्तन यात्रा से प्रारंभ होगी। प्रातः 4.58 बजे गीत, 5.01 पर दीप प्रज्जवलन, 5.03 बजे ध्येय गीत, 5.10 पर प्रार्थना जैन वाणी, वैदिक ऋचाएं, 5.20 पर संकल्प गीत, 5.30 पर सितार वादन - श्रीमती संध्या प्रमोद बापट समूह, 6.00 बजे वैदिक मन्त्रोच्चार एवं शंख ध्वनि बंगाली समाज, 6.08 बजे भगवान भुवन भास्कर को अर्घ्यदान उपस्थित शहरवासियों द्वारा किया जावेगा। 6.15 बजे आयुक्त नगर निगम किशोर कन्याल द्वारा शुभकामना संदेश दिया जायेगा एवं 6.20 बजे सूर्य आव्हान-आगोमनी बीएससीए, 6.30 बजे लोक वाद्य कचहरी कल्पना विनोद मिश्रा दतिया, 7.00 बजे से सांस्कृतिक प्रस्तुतियां जिसमें आजादी का अमृत महोत्सव, 75 कलासाधकों द्वारा नृत्यांजलि आदि की प्रस्तुति दी जावेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### अलग-अलग हादसों में दो की मौत

ग्वालियर । शहर के पड़ाव थाना क्षेत्र में एक युवक की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई वहीं पिछोर थाना क्षेत्र में ट्रैक्टर ने एक युवक को कुचल पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार पड़ाव थाना क्षेत्र में आशु राठौर निवासी गुड़ा गुड़ी का नाका पड़ाव थाना क्षेत्र में जा रहा था तभी भारी वाहन की चपेट में आकर उसकी मौत हो गई घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर आ गई और मृतक के शव को पीएम के लिए भेज आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। वहीं पिछोर थाना क्षेत्र में लोकेंद्र सिंह गुर्जर 20 साल अपने घर की ओर आ रहा था तभी ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 07 एसी 1792 ने उसे कुचल दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया आसपास के लोगों से इलाज के लिए अस्पताल लेकर आई जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया पुलिस ने शव पीएम के बाद परिजनों को सौंप आरोपी ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है ।

### सेवानिवृति वाले दिन भी किया स्वच्छता का कार्य

ग्वालियर । जिनके मन में कार्य के प्रति लगन व समर्पण हो फिर उन्हें फर्क नहीं पडता कि आज उनकी सेवा का पहला दिन है या आखिरी दिन, उनके मन में तो सिर्फ एक ही जज्बा रहता है कि हमें अपना कार्य करना है। अपने कार्य के प्रति ऐसा ही कुछ जज्बा नगर निगम के सहायक स्वास्थ्य अधिकारी बीडी बनाफल में देखने को मिला। बीडी बनाफल की 31 मार्च 2022 को निगम से सेवानिवृति होना है लेकिन 31 मार्च को भी वह प्रातः रोज तरह उठे और स्वच्छता के अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए क्षेत्र में स्वच्छता की मॉनीटरिंग के लिए पुहंच गए तथा प्रतिदिन की तरह स्वच्छता के प्रति अपने दायित्वों का निर्वाहन किया। ग्वालियर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सहायक स्वास्थ्य अधिकारी बीडी बनाफल से जब क्षेत्र के नागरिकों व साथी कर्मचारियों द्वारा यह पूछा गया कि आज तो आपका रिटायरमेंट है, आज तो आप आराम करो तो श्री बनाफल का कहना था स्वच्छता मेरा रोज का कार्य है और अभी नौकरी के साथ कर रहा था, अब मैं बिना नौकरी के भी निरंतर अपने शहर की स्वच्छता के प्रति समर्पित रहूंगा।

### शर्मा फार्म 2 पर राजीव आवास योजना के 5 आवास अवैध कब्जे से कराए मुक्त

ग्वालियर। नगर निगम की सम्पदा शाखा द्वारा गुरुवार को शर्मा फॉर्म नंबर 2 पर स्थित राजीव आवास योजना के अंतर्गत बनाए गए आवासों में 5 आवासों में अवैध रुप से रह रहे लोगों को पुलिसबल एवं मदाखलत के सहयोग से निकालकर निगम का कब्जा लिया तथा आवासों में ताला लगाया। नोडल सम्पदा अधिकारी श्री अरविन्द चतुर्वेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि निगमायुक्त श्री किशोर कान्याल के निर्देशानुसार शासन की विभिन्न आवास योजनाओं के तहत बनाए गए शासकीय आवासों में निगम द्वारा भौतिक सर्वे कराया जा रहा है।






# लॉटरी के नाम पर हजारों लोगों के साथ करोड़ों की ठगी करने वाले दो डायरेक्टर गिरफ्तार

### ग्वालियर क्राइम ब्रांच को मिली सफलता



ग्वालियर । मध्य प्रदेश पुलिस की क्राइम ब्रांच को बड़ी सफलता हाथ लगी है। अंतरराष्ट्रीय गिरोह को क्राइम ब्रांच की टीम ने दिल्ली के पॉश इलाके से पकड़ा है। इस अंतरराष्ट्रीय गिरोह ने देश में तकरीबन 400 से अधिक ठगी की वारदातों को अंजाम दिया है। पकड़े गए दोनों ठगों ने पुलिस की पूछताछ में बताया है कि यह फर्जी लकी ड्रॉ निकालकर लोगों की ठगी करते थे और यह अब तक करोड़ों रुपये की ठगी कर चुके हैं। क्राइम ब्रांच पुलिस ने इन दोनों शातिर ठगों को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। इनकी ऑफिस से दर्जनभर लैपटॉप, फोन,सिम कार्ड आदि जब्त किया है।

दरअसल अभी हाल में ही शहर में रहने वाली युवती से इस ठग ने साड़े 4 लाख रुपए ठगे थे। युवती ने इसकी शिकायत क्राइम ब्रांच पुलिस से की थी। जिसके बाद क्राइम ब्रांच पुलिस इसकी पड़ताल करने में जुट गई थी। उसके बाद पुलिस अधीक्षक अमित सांघी के नेतृत्व में साइबर फ्रॉड करने वाले इन ठगों को पकड़ने के लिए चार टीमें गठित की गई। पिछले एक महीने से पड़ताल करने के बाद सूचना मिली कि लकी ड्रॉ में फर्स्ट प्राइज में कार जीतने का झांसा देकर युवती को ठगी करने वाले यह शातिर ठग दिल्ली में मौजूद है और उसके बाद वह टीमें रवाना की गई। मुखबिर की सूचना के बाद ग्वालियर क्राइम ब्रांच पुलिस ने हरियाणा के फरीदाबाद स्थित एक ऑफिस पर दबिश दी तो वहां एक कॉल सेंटर संचालित होता मिला। क्राइम ब्रांच की टीम ने जब वहां पर मौजूद लड़के और लड़कियों से बातचीत की तो इस पूरी सच्चाई का पर्दाफाश हो गया। क्राइम ब्रांच की टीम मौके से दोनों संचालकों को पकड़कर ग्वालियर लेकर आई तो यह अंतराष्ट्रीय ठग निकल कर सामने आए।

क्राइम ब्रांच सीएसपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि यह दोनों साल 2018 से ठगी करने का धंधा कर रहे थे। इनके द्वारा कॉल सेंटर पर काम करने वाली लड़कियों के जरिए लॉटरी में टीवी, फ्रिज, एसी, कार आदि निकलने के नाम पर लोगों को कॉल करवाया जाता था और उनसे इनाम घर भिजवाने के नाम पर रुपये ट्रांसफर करवाए जाते थे।

ऑफिस में मिली दस्तावेजों की जांच से यह पता लगा कि इन ठगों ने देश भर में हजारों लोगों से लॉटरी लगने के नाम पर करोड़ों रुपए की ठगी की है। देश के हर राज्य में इनका नेटवर्क फैला हुआ है। इन ठगों ने फर्जी शॉपिंग वेबसाइट बनाई थी जिस पर शॉपिंग करने वाले व्यक्तियों का लकी ड्रॉ में उपहार निकालने के नाम पर लोगों से कई तरह के शुल्क के रूप में राशि लेकर ठगा करते थे और बाद में फोन उठाना बंद कर देते थे। पुलिस को इन ठगों ने बताया है कि अभी तक देश भर में 400 लोगों को ठग चुके हैं।

### सराहनीय भूमिका

उक्त बदमाष को पकड़ने में थाना प्रभारी क्राइम ब्रांच निरीक्षक दामोदर गुप्ता, निरीक्षक नरेष गिल, निरीक्षक आर.बी.एस. विमल, उनि हरेन्द्र राजपूत, धर्मेन्द्र शर्मा, अर्चना कंसाना, प्रमोद शर्मा, रूपेश शर्मा, षिवषंकर शुक्ला, श्याम मिश्रा, ओमषंकर सोनी, सुमित भदौरिया, सुनील शर्मा, गौरव, नवीन पाराषर, नरवीर राणा, सत्येन्द्र कुषवाह, जेनेन्द्र गुर्जर, के.पी. यादव, भगवती सोलंकी, सुनीता कुषवाह की सराहनीय भूमिका रही है।

## जब निगमायुक्त ने खुद उठाया कचरा ....

### दुकानदारों को दी समझाइश

### बच्चे स्वच्छता के सबसे अच्छे संवाहक, रोकने-टोकने की डालें आदत



ग्वालियर। बच्चे स्वच्छता के सबसे अच्छे संवाहक हैं इसलिए सभी अभिभावक अपने बच्चों को स्वच्छता में सहभागिता एवं रोकने व टोकने के लिए प्रेरित करें तो हमारे शहर में अपने आप ही स्वच्छता का माहौल बन जाएगा। उक्तआशय के विचार नगर निगम आयुक्त किशोर कन्याल ने गुरुवार को प्रातः स्वच्छता की मॉनीटरिंग करते हुए गली मोहल्लों में नागरिकों व दुकानदारों के समक्ष व्यक्त किए और एक दुकान के आगे खडे दो छोटे-छोटे बच्चों को स्वच्छता के बारे में बताया, जिस पर बच्चों ने स्वच्छता का नारा भी लगाया। इस अवसर पर अपर आयुक्त अतेन्द्र सिंह गुर्जर, अधीक्षण यंत्री जेपी पारा, नोडल अधिकारी मदाखलत केशव सिंह चौहान, नोडल अधिकारी पार्क मुकेश बंसल, नोडल अधिकारी कार्यशाला शैलेन्द्र सक्सैना, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ वैभव श्रीवास्तव, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी किशोर चौहान सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। नगर निगम आयुक्त किशोर कन्याल ने गुरूवार को थाटीपुर क्षेत्र से अपना निरीक्षण शुरू किया। जहां गलियों में घूम कर लोगो से सफाई व्यवस्था में सहयोग की अपील की तथा स्वच्छता का अवलोकन किया। थाटीपुर क्षेत्र में गलियों में भ्रमण के दौरान एक दुकान के बाहर डस्टबिन नही थी और दुकान के बाहर कचरा फैला हुआ था, जिस पर निगमआयुक्त किशोर कन्याल ने पहले तो अपने हाथों से स?कों पर फैला कचरा उठाया और फिर दुकानदार को समझाइश दी कि यदि आपने डस्टबीन नहीं रखी तो आपके खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही दुकान पर ख? दो बच्चों को स्वच्छ्ता का पाठ भी प?ाया और प्रेरित होकर बच्चों ने स्वच्छता का नारा भी दिया। नगर निगम आयुक्त कन्याल ने वार्ड क्रमांक 24, 28, 29 एवं 60 में सफाई कार्य का निरीक्षण किया तथा निरीक्षण के दौरान हरनामपुर बजरिया में नाला सफाई के कार्य का निरीक्षण करते हुए नाला सफाई तत्काल पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

# मंहगाई की मार से परेशान कांग्रेसियों ने दिया धरना



### महंगाई के खिलाफ प्रदर्शन करने पर अविनाश गुप्ता की पिटाई करने वाले भाजपा कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया जाए

ग्वालियर । शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में आज महानगर के कांग्रेसजनो ने अपने-अपने घरो के बाहर, बालकानी, चैराहा एवं सार्वजनिक जगहों पर रसोई गैस, डीजल, पेट्रोल पर निरंतर मूल्य वृद्धि करने वाली भाजपा की केन्द्र सरकार के खिलाफ गैस सिलेंडर, दोपहिया वाहन पर माला पहनाकर, थाली बजाकर खुला विरोध प्रदर्शन किया। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा, विधायक प्रवीण पाठक, विधायक डॉ. सतीश सिकरवार, प्रदेश महासचिव सुनील शर्मा ने आज भाजपा के खिलाफ हमला बोलते हुए कहा कि केन्द्र की मोदी ओर प्रदेश की शिवराज सरकार द्वारा महंगाई की मार हर घर, हर द्वार पहुचं चुकी है। इंसान की जान है सस्ती मंहगी है रोटी। गरीब वर्ग दिनभर करता है कमाई रोटी बनाने की मुसीबत आई क्योंकि मंहगाई के कारण दाल, चावल, आटा खरीदने में दिनभर की मजदूरी के बाद भी दो वक्त की रोटी का सामान नही खरीद पा रहा है और भाजपा की केन्द्र और प्रदेश सरकार निरंतर मंहगाई ब?ाती जा रही है, रोजगार घटते जा रहे है, व्यापार चैपट होते जा रहे है, दुकानदारी खत्म होती जा रही है, बेरोजगारी ब?ती जा रही हे, जब नही होगी कमाई तो कैस बनेगी रोटी, कांग्रेस ने हर गली, हर मोहल्ले, हर चैराहा पर मंहगाई मुक्त अभियान के अंर्तगत आंदोलन करके जनता के दुख दर्द को और उनकी परेशानी को उजागर किया है। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा ने कहा कि भाजपा के खिलाफ कांग्रेस का मंहगाई मुक्त भारत अभियान के अंर्तगत कांग्रेस के कार्यकर्ता अविनाश गुप्ता थाली बजाकर महंगाई का विरोध कर रहे थे।

## सांक नदी पर स्टॉप डैम बनने से क्षेत्र के किसानों की समृद्धि के नए द्वार खुलेंगेः कुशवाह

### राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार ने किया लगभग 271 लाख लागत के स्टॉप डैम का भूमिपूजन



### एक हजार बीघा से अधिक रकबे की होगी सिंचाई और दर्जनभर गाँवों का बढ़ेगा जल स्तर

ग्वालियर । पर्वतीय एवं वनांचल क्षेत्र में सांक नदी के किनारे बसे जिले के एक दर्जन गाँवों के लिये ब?ी खुशखबरी है। उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) भारत सिंह कुशवाह ने गुरूवार को ग्राम सीतापुरा (दुगनावली) के समीप सांक नदी पर लगभग 271 लाख रूपए की लागत से बनने जा रहे स्टॉप डैम निर्माण की आधारशिला रखी। इस अवसर पर सुशासन शिविर भी लगाया गया। राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री कुशवाह ने इस मौके पर कहा कि सांक नदी पर स्टॉप डैम के निर्माण से इस क्षेत्र के किसानों की समृद्धि के नए द्वार खुलेंगे। भूमिपूजन समारोह को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार भारत सिंह कुशवाह ने कहा कि इस स्टॉप डैम के निर्माण से ग्राम दुगनावली, सीता का पुरा, रामप्रसाद का पुरा एवं तिलघना गाँव की एक हजार बीघा से अधिक भूमि की सिंचाई हो सकेगी। साथ ही इन गाँवों समेत निरावली से लेकर जिगसौली तक एक दर्जन से अधिक गाँवों के जल स्तर में भी ब?ोत्तरी होगी। इसके अलावा पशुओं को पानी उपलब्ध होगा और ग्रामीणों की निस्तार संबंधी अन्य जरूरतें भी पूरी होंगीं। श्री कुशवाह ने कहा कि प्रदेश सरकार पूरी शिद्दत के साथ सिंचाई सुविधाओं को ब?ावा दे रही है। मध्यप्रदेश में सिंचाई क्षमता 7 लाख हैक्टेयर से ब?कर 43 लाख हैक्टेयर हो गई है। राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री कुशवाह ने कार्यपालन यंत्री जल संसाधन को निर्देश दिए कि उच्च गुणवत्ता के साथ और निर्धारित समय-सीमा के भीतर स्टॉप डैम का निर्माण पूर्ण कराएं।

## गडकरी से मिले शेजवलकर

### डबरा एवं हरिशंकरपुरम - महलगांव पुलिया पर अन्डर ब्रिज के निर्माण की मांग की

### आगरा-ग्वालियर खण्ड का 6-लेन चौडीकरण स्वी्कृति पर जताया आभार



ग्वालियर । ग्वालियर संसदीय क्षेत्र के सांसद विवेक नारायण शेजवलकर ने केन्द्रीय सड़क परिवहन-राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का राष्ट्रीय राजमार्ग क्रं.-44 के आगरा-ग्वालियर खण्ड का 6-लेन चौडीकरण स्वीकृत करने के लिये धन्यवाद व्यक्त करते हुये हरिशंकरपुरम और महलगांव के बीच रेलवे ट्रेक की पुरानी पुलिया एवं डबरा रेलवे स्टेशन के पास अन्डर ब्रिज के निर्माण करवाने का आग्रह किया है। श्री गडकरी ने सांसद शेजवलकर को आश्वस्त किया है कि उनकी मांगों पर गंभीरतापूर्वक विचार करेंगे।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478